वर्ष : 06 अंक : 279

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

सोमवार, 15 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा पंजीकरण आज से



**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा 2024 इस साल 29 जून से शुरू होगी। इसमें कहा गया कि 50 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी, जबकि पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा।

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 15 से 18 तक नहीं होगा वीआईपी दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का वीआईपी दर्शन नहीं हो पायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से रामलला के 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। इस दौरान किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और पहले से बने वीआईपी पास पर रोक लगा दी गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और वीआईपी पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान श्रद्धालु सुगम दर्शन पास और आरती के पास का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के बीच के ऑनलाइन बना लिए गए पास निरस्त किये गए हैं।

### उत्तराखंड : खाई में गिरी कार, चार मरे

**देहरादून।** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर एक कार नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। हालांकि अभी मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। सुबह के समय स्थानीय लोगों को कार नदी में गिरी दिखी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल हादसे की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायर सर्विस की टीम खाई में उतरकर नदी तक पहुंची, जहां चार शव पड़े मिले। शवों को खाई से रेस्क्यू कर बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी-2024'


## चार मजबूत स्तंभों- युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाना है

# संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी पांच साल में विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों- युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाने के संकल्प व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ सबका विकास का भाव है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसी आधार पर देश को विकसित भारत बनाने के लिए कृत संकल्प है।

श्री मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र 'मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024' को जारी करते हुए आज कहा कि अगले पांच वर्षों में सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए, हम और भी तेजी से प्रगति करेंगे।




श्री मोदी ने कहा, 'पूरे देश को भाजपा के घोषणापत्र का बेसब्री से इंतजार रहता है। इसकी एक बड़ी वजह है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने अपने घोषणापत्र के हर बिंदु को गारंटी के तौर पर लागू किया है। चार जून के बाद भाजपा के संकल्प पत्र पर तेजी से काम शुरू होगा। भाजपा ने एक बार फिर अपने घोषणापत्र की ईमानदारी का प्रदर्शन किया है। हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों- युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाना है।'

### मुद्रा ऋण की सीमा 10 से बढ़ा कर 20 लाख

उन्होंने यह भी कहा कि स्वरोजगार के लिए मिलने वाला मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ा कर 20 लाख रुपए की जाएगी। भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी गारंटी देते हैं कि जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी छूट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। मोदी ने आश्वासन दिया कि आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुलभ रहेगा। बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि वे अपनी बीमारियों का इलाज कैसे कराएंगे। मध्यम वर्ग के लिए तो यह चिंता और भी गंभीर है। भाजपा ने अब यह 'संकल्प' लिया है कि 70 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। इसमें गरीब, मध्यम, उच्च मध्यम सभी वर्ग के लोग होंगे।'




### रोजगार पैदा करने वाले निवेश पर हमारा ध्यान

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारा ध्यान जीवन की गरिमा और गुणवत्ता पर है। हमारा ध्यान रोजगार पैदा करने वाले निवेश पर है। यह घोषणापत्र अवसरों की मात्रा और गुणवत्ता दोनों पर जोर देता है। एक ओर, हमने अनेक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन पर चर्चा की है। दूसरी ओर, हम स्टार्टअप और वैश्विक केंद्रों को बढ़ावा देकर उच्च-मूल्य वाली सेवाओं को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।'

### अगले पांच साल तक जारी रहेगी मुफ्त राशन योजना

गरीबी उन्मूलन के प्रयासों पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा, 'भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर दिखाया है। हालाँकि, उन्हें लगातार स्थिरता की आवश्यकता है, अन्यथा गरीबी में फिर से गिरने का जोखिम है। इसी मानसिकता के साथ भाजपा ने अनेक गरीबी उन्मूलन योजनाओं के विस्तार के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। मोदी गारंटी देते हैं कि मुफ्त राशन योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीब व्यक्ति की थाली का भोजन पौष्टिक, संतोषजनक और किफायती हो।'

चुनाव प्रचार के दौरान गम्हरिया बना रणक्षेत्र, गीता कोड़ा का विरोध

# भाजपा–झामुमो कार्यकर्ता भिड़े

- झामुमो समर्थकों ने गीता कोड़ा के साथ की धक्का-मुक्की
- गम्हरिया में चुनाव प्रचार करने पहुंची थी गीता कोड़ा
- प्रशासन ने गीता कोड़ा को सुरक्षित बाहर निकाला

संवाददाता

**गम्हरिया।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ही सरायकेला-खरसावां जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। जिले में गम्हरिया के मोहनपुर में प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं के बीच रविवार को झड़प हो गई। भीड़ में मौजूद कुछ लोग हरवे-हथियार से लैस दिखे। मालूम हो कि भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा गम्हरिया प्रखंड का दौरा करने के लिए रविवार को रापचा पंचायत के मोहनपुर पहुंचीं थीं। इसी दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प हो गयी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच राज्य सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई। बताया जा रहा है कि हरवे-हथियार से लैस झामुमो समर्थकों ने गीता कोड़ा का विरोध शुरू कर दिया। भाजपा समर्थकों ने भी उनका प्रतिकार किया।



### कार्यकर्ताओं में हुई धक्का–मुक्की

बताया जा रहा है कि झामुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कहा जा रहा है कि वहां के लोगों का कहना है कि हमने गीता कोड़ा को वोट देकर जिताया, लेकिन 5 साल में एक बार भी उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया। उल्टे भाजपा में शामिल होकर मतदाताओं का अपमान किया।

### पुलिस–प्रशासन ने मामले को शांत कराया

समाचार मिलने के बाद पुलिस की टीम और प्रशासनिक अधिकारी गांव में पहुंचे। उन्होंने गांव के लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सांसद गीता कोड़ा को भीड़ के बीच से सुरक्षित निकाला। बता दें कि 13 मई को सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर आम चुनाव के लिए वोट होना है। गम्हरिया इसी लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। सरायकेला-खरसावां जिला मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का गृह जिला है। गीता कोड़ा ने 2019 में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव जीता था। हाल ही में गीता ने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी ने सिंहभूम लोकसभा सीट से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है।

# अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर चली अंधाधुंध गोलियां

- पुलिस प्रशासन ने बढ़ाई अभिनेता की सुरक्षा
- बाइक पर आए थे बदमाश, 4 राउंड फायरिंग

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश फायरिंग कर फरार हो गए। घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे।

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन पर बांद्रा पश्चिम में स्थित सलमान खान के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग की। बदमाशों ने लगातार 4 राउंड फायरिंग की।

घटना की जानकारी मिलते ही बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और सलमान खान के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।



### कई बार मिली चुकी है धमकी

उल्लेखनीय है कि सलमान खान को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुछ दिन पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा था कि सलमान खान को मारना उसकी जिंदगी का मकसद है।

# वाहन चेकिंग के दौरान 11.6 लाख बरामद

**रांची।** लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान 11 लाख छह हजार 830 रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्लाजा चौक के समीप लालपुर थाना गश्ती दल और पीसीआर 25 चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी ( जेएच 01 ईएच 1487 ) को जांच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11 लाख छह हजार 830 रुपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर रुपये पंडरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। स्कूटी सवार अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिस्टलरी पुल के समीप किराए के मकान में रहता है। मूल रूप से वह बिहार के शेखपुरा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से तगादा कर पैसा लाया था और पंडरा के दाल व्यवसायी सुमित अग्रवाल को देने जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग में पकड़ा गया।



# तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**देवघर।** देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है।



पांच मोबाइल पांच एटीएम और सात सिम बरामद

देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल से साइबर क्राइम के 15 अपराध लिंक पुलिस को मिले है, जिसकी जांच की जा रही है।

**बदलाव** सरकार गठन से पहले तीनों सेना प्रमुखों का खत्म हो रहा कार्यकाल

# नई सरकार बनते ही तीनों सेना को मिलेंगे नए सेना अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा। फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली 'तिकड़ी' में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे।

- एक ही एनडीए बैच के 'दोस्तों' की 'तिकड़ी' के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान
- नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने तीन वैज्ञानिकों के नाम सुझाए



### 30 अप्रैल को सेवानिवृत होंगे नौसेना प्रमुख

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी।

### 31 मई को पद छोड़ेंगे सेना प्रमुख मनोज पांडे

इसके बाद अगली नियुक्ति सेना प्रमुख की होगी, क्योंकि जनरल मनोज पांडे 31 मई को अपना पद छोड़ देंगे। जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को जनरल मनोज मुकुंद नरवणे से सेना की बागडोर संभाली थी। भारतीय सेना चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, जिसमें 2 मिलियन से अधिक सक्रिय कर्मी हैं। सेना प्रमुख के अलावा शीर्ष पदों के लिए पांच वरिष्ठतम अधिकारियों को भी चुना जाना है।

### डीआरडीओ को भी मिलेगा नया अध्यक्ष

इसके साथ ही सरकार को नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, क्योंकि एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भविष्य के युद्ध के लिहाज से डीआरडीओ उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में लगा है।

कार और ट्रक में टक्कर के बाद लगी आग

# सात लोग जिंदा जले

एजेंसी

**सीकर।** सीकर जिले के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार और ट्रक में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में कार सवार दंपती और उनकी दो बेटियों समेत सात लोग जिंदा जल गए। सभी लोग मेरठ से सालासर बालाजी दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

पुलिस के मुताबिक मृतकों में दंपति हार्दिक बिंदल (37) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल (32) पत्नी हार्दिक, दीक्षा (7) पुत्री हार्दिक और दीक्षा की 4 साल की बहन और मंजू बिंदल (58) पत्नी नरेंद्र बिंदल, नीलम गोयल (55) पत्नी मुकेश गोयल व आशुतोष गोयल (35) पुत्र मुकेश गोयल शामिल हैं। सभी श्रद्धालु शारदा रोड मेरठ के रहने वाले हैं।

फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। ट्रक में लगी आग पर शाम चार बजे के करीब काबू पाया गया। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन (रूई) भरी हुई थी। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।

# जयंती पर याद किए गए डॉ. भीमराव अंबेडकर

## बाबा साहब ने शोषित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया : ब्रज मोहन कुमार

### कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई



संवाददाता

**रांची।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को आजसू केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया एवं निरंतर प्रयास करते हुए एक समरस समाज की कल्पना की। उन्होंने वास्तव में शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य किया।

मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय व अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष को समर्पित किया। उनका सम्पूर्ण जीवन आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

इस दौरान केंद्रीय कार्यालय सचिव आशुतोष गोस्वामी, रांची जिला सह प्रभारी अजीत कुमार, रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा, रोहित चौधरी, वेदांत कौस्तव, रित्विक राज, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल प्रजापति, सुमित साहू, नैनित प्रजापति, सचिन साहू, अमरजीत कुमार, अभिषेक सही, प्रियांशु शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहब का जीवन प्रेरणा स्रोत: बाबूलाल



संवाददाता

**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर देश के लिये सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सबों के लिये सदा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनायें झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होने बाबा साहब की ऊंचाई को समझते हुये आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों का देश गढने में दिन -रात मेहनत कर रहे हैं एवं उनके कार्यकाल आज दलित समाज जो कभी शोषित पीड़ित हुआ करता था आज अग्रिम पंक्ति कि ओर बढ़ रहा है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं।

## एक नजर

### मांडर-नशे के सौदागर के घर छापेमारी, गिरफ्तार

**रांची।** मांडर थाने की पुलिस ने मुड़मा में अफीम के कारोबारी विजय कुमार उर्फ बॉबी के घर पर छापामारी कर वहां से अवैध हथियार व गोलियां बरामद किया है। बाद में पुलिस उसे हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दी। मामले की जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मुड़मा का विजय कुमार पुराना अफीम तस्कर है। इसे एक साल पहले भी हरियाणा की पुलिस ने अवैध अफीम बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ सूचना मिली थी की यह फिर से अपने घर से अफीम का धंधा चला रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी राहुल अपने कनीय टीम के साथ विजय के घर पर छापामारी किया हालांकि विजय के घर से पुलिस को अफीम तो नहीं मिला लेकिन सर्च के दौरान उसके घर से पुलिस पुलिस ने एक पिस्टल दो गोली और चार फायर की गयी गोली बरामद किया । पुलिस आरोपी से हथियार उपलब्ध कराने वाले की भी जानकारी हासिल कर आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत

**रांची।** समर्पण शाखाकी ओर से रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापक श्रीमती राजेश्वरी मोदी राज दीदी के द्वारा की गई। इस मौके पर उन्होने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के दिन पहले मतदान करे इसके बाद जलपान करे स्वंम मतदान करे और लोगो को भी मतदान करनें के लिए कहे। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। इस मौके पर उन्होने शाखा की महिलाओं और लोगों से अनुरोध किया की मतदान को एक पर्व की तरह मनाएं और हर मतदाताओं को मतदान करनें के प्रति जागरुक करे। इस मौके पर मंच की अध्यक्ष विनीता सिंघानियां, प्रांतीय संयोजिका राजनैतिक चेतना श्रीमती मीना टाईवाला, शाखा उपाध्यक्ष सपना सिंघानिया, पूर्वे अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, कविता सोमानी , रंजू मालपानी, रश्मि मालपनी , आशा सराफ , निकिता जालान, डॉली बंसल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


### जदयू ने अम्बेडकर को किया याद

**रांची।** प्रदेश जदयू कार्यालय में संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा भीम राव अम्बेडकर की जयंती रविवार को मनाई गयी। इस मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, भगवान सिंह, उपेन्द्र सिंह, संजय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, प्रदेश सचिव बैद्यनाथ पासवान, कोषाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की एवं बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगाये। इस मौके पर श्रवण कुमार ने कहा की वे कमजोर एवं अन्य उपेक्षित वर्ग के मसीहा थे। देश उनके दिखाये रास्ते पर चलता रहेगा। सागर कुमार ने कहा की हम सभी को बाबा साहेब के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### संविधान को बचाने के लिए जनता आगे आए: महेंद्र

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत राज्य परिषद के सदस्य सह रांची उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेंद्र रविदास ने किया, कार्यक्रम में भाकपा के प्रदेश सचिव में महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह, हाई कोर्ट के अधिवक्ता सहगल टोपो साहब वरीय अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, इम्तियाज खान ने संबोधित किया, सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महेंद्र पाठक ने कहा कि आज बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को देश की गदी पर बैठी हुई फासिस्ट सरकार संविधान को बदलने के लिए बेताब है। देश में संविधान, लोकतंत्र दोनों को बचाने के लिए आम जनता को सड़कों पर आना चाहिए। आर एस एस एवं केंद्र की सरकार संविधान को हटाकर मनुस्मृति को लागू करना चाहती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उसे पूरा नहीं होने देगी, सीपीआई शोषित दलित पीड़ित लोगों की आवाज है।

### रांची गौशाला न्यास की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



**रांची।** रांची गौशाला न्यास की कार्यकारिणी का चुनाव रांची गौशाला न्यास हरमू रोड में संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 146 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान तीन मत अवैध घोषित किए गए। कई सदस्य रांची से बहार रहने की वजह से मतदान में हिस्सा नहीं लिया। चुनाव परिणाम आने के बाद ट्रस्ट के चेयरमैन रतन जालान ने कहा संस्थाओं के चुनाव में हार जीत लगी रहती है। जो लोग हार गये हैं उन्हें मायूस होने के जरूरत नहीं है। उनको दूगने उत्साह से गौ सेवा में लग जाना चाहिए। आखिर सबका लक्ष्य एक ही है, वह है गौसेवा। प्रदीप राजगढ़िया ने कहा कि आज के चुनाव के नतीजे से साफ है कि गौशाला के सदस्यों ने एकमत से सारे विवादों को खत्म करने के लिए वोट दिया है। जो लोग तरह-तरह के विवाद उत्पन्न कर गौशाला को नुकसान पहुंचा रहे थे। गौशाला के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने चुनाव पदाधिकारी वेद प्रकाश बागला एवं उनकी टीम को अच्छे से चुनाव संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# अमन गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** भारत माला रोड निर्माण के संवेदक से लेवी वसूलने पहुंचे कुख्यात अपराधी अमन साहू गैंग के एक अपराधी को ओरमांझी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और दो गोलियां भी बरामद किया है।

मामले की जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा बताया कि गुप्त चरों से सूचना मिली थी की कुख्यात अपराधी अमन साहु गिरोह के कुछ गुर्गे ओरमांझी क्षेत्र से गुजर रहे भारत माला रोड के ठेकेदारों में दहशत फैला कर लेवी लेने के लिए वहां जाने वाले हैं। सूचना के बाद ओरमांझी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आलोक सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया।

टीम बताये हुए सड़क निर्माण स्थल की ओर आने जाने वालों पर नजर रख रही थी, कुछ देर बाद पीले रंग के अपाची मोटरसाइकिल में दो युवक आये और एक जगह पर रुक कर इधर उधर ताक झांक करने लगे, जिन्हें देख घात लगाये पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने उन्हें दबोचने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देखते ही दोनों हड़बड़ा गये और वह बाइक अचानक तेजी से गाड़ी बढ़ा दिया जिससे पीछे बैठा युवक गिर गया जिसे पुलिस ने दबोच लिया जबकि दूसरा अपराधी बाइक लेकर भाग निकला।

एसएसपी श्री सिन्हा ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े युवक की पहचान अमन साहु गिरोह के शूटर पतरातू थाना के ग्राम साकुल बस्ती के रहनेवाले अलाउद्दीन अंसारी के रुप में की गयी। उसने पुलिस को बताया कि वे लोग अमन साहु गिरोह के लिए काम करते हैं और आज ये अपने साथी के साथ मयंक सिंह अमन साहु और चंदन साहु के कहने पर भारत माला सड़क निमार्ण स्थल पर गोली चला कर दहशत फैलाने व लेवी वसूलने आये थे लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। एसएसपी ने बताया कि अमन सहु के द्वारा 6 फरवरी और 6 मार्च को संवेदक से 50 लाख रुपये लेवी की मांग की गयी थी। उसके बाद से ही पुलिस अमन गैंग पर नजर रख रही थी।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढ़ा टीओपी पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिहार के दो शराब तस्करों को 24 बोतल अवैध नकली अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों में सुभाष कुमार औरंगाबाद के हसपुरा थाना के ग्राम शंकरपुर का और मुकेश कुमार बिहार के अरवल जिले के अरवल सिपा का रहने वाला शामिल है।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानन्द कुमार ने बताया कि आने वाले चुनाव व रामनवमी के मद्दे नजर वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना क्षेत्र में लगातार नशीली पदार्थों और नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस चौक चौराहों व बस स्टैंडों में जांच अभियान चला रही है। जिसमें आये दिन पुलिस को कामयाबी मिल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस वाहन चेकिंग भी चला रही है जिसमें चोरी की वाहनों, फर्जी कागजातों और बिना पेपर की गाड़ियों के साथ कई अपराधी भी पकड़े जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# चान्हो में 15 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** चान्हो थाने की पुलिस ने जिले के पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना और निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बिजूपाड़ा स्थित संतोष लाईन होटल से 15 पेटी नकली अंग्रेजी शराब जब्त किया है।

पुलिस को सूचना थी की संतोष अपने होटल में अवैध तरीके से बिना लाइसंस वाली दुकानों से नकली शराब को अपने कस्टमरों से बिक्री करता है। इसी शिकायत पर खालारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व में होटल के कमरों में छापामारी की गयी जहां पेटियों में छिपा कर रखे गये शराबों के जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने अवैध शराब कारोबार करने के जुर्म में होटल के संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने बताया कि रामनवमी और लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर लगातार अवैध कारोबारियों व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पैनी नजर

# माहौल बिगाड़ने की मिली भनक तो जाएंगे जेल



संवाददाता

**रांची।** रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है।

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है।

अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है। रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सभी जिलों में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किए गए हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए सावधानी बरतें। हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है। ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें।

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा भाजपा का संकल्प पत्र : संजय सेठ



संवाददाता

**रांची।** भाजपा के द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र पर रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि यह संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरत को पूरा करने वाला संकल्प पत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है।

इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पर्यटन और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। विशेष रूप से झारखंड और रांची जैसे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने से न सिर्फ लोग हमारी संस्कृति को जान सकेंगे, बल्कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे आदिवासी परिवारों के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। झारखंड जैसे राज्य में हाल फिलहाल में पेपर लीक जितनी घटनाएं हुई है, उससे युवाओं का मनोबल टूटा है।

यह संकल्प पत्र युवाओं के मनोबल को भी बढ़ाएगी। उनका भविष्य सुरक्षित करेगा। संकल्प पत्र में कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रही महिलाओं के इलाज की बात कही गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को आयुष्मान जैसी योजना से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इन दोनों ही वर्गों की जमा पूंजी अब सुरक्षित रहेगी। महिलाओं को खेल में प्रोत्साहन देने से झारखंड की महिला खिलाड़ियों को और भी प्रोत्साहन मिलेगा। इनका भी भविष्य उज्जवल होगा। रांची और झारखंड का वैश्विक पटल पर मान बढ़ेगा। श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा में उन्होंने एक देश एक कानून की मांग की थी। यह भाजपा के एजेंडे में शुरू से शामिल रहा है। हमने एक देश एक कानून को अपने संकल्प पत्र में शामिल किया है। इससे देश में समानता आएगी। वन नेशन वन इलेक्शन जैसे संकल्प के सिद्ध होने पर देश की जनता की अनावश्यक खर्च के बोझ बच सकेगी।

श्री सेठ ने इसे विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला संकल्प पत्र बताया है।

### भाजपा का मेनिफेस्टो को संविधान बदलो दस्तावेज :राजेश ठाकुर

**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संविधान बदलो पत्र का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। ठाकुर ने रविवार को कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं। लेकिन जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हो पर चलने वाले आदिवासी समुदाय के सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। जबकि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड लागू करने का विधेयक भी पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया है।

# बालीडीह के इस्पात फैक्ट्री में लगी आग करोड़ों से अधिक के नुकसान का अनुमान

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के फेज थ्री में स्थित इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में रविवार सुबह 5 बजे अचानक आग लग गई। इस अग्निकांड में फैक्ट्री का 33 केवी का तीन ट्रांसफर सहित इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन पूरी तरह जल गया। घटना की सूचना पर 15-20 मिनट में अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची जिस कारण करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### एक-डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान



फैक्ट्री के मालिक संजय राय ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने से घटना हुई है फिलहाल आग लगी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। एक-डेढ़ करोड़ के आसपास नुकसान का अनुमान है। इस घटना में किसी मजदूर के साथ कोई हताहत नहीं हुआ है। बता दें कि करीब दो ढ़ाई वर्ष पूर्व इसी कंपनी का फर्निश जोरदार ब्लास्ट के साथ फट गया था। इस घटना में भी किसी मजदूर के साथ कोई हताहत नहीं हुआ था। उन्होने बताया कि इस आग लगी में करीब एक-डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ है।

# बाबा साहब के संकल्प को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत

### सहयोगिनी का 23 वा स्थापना दिवस समारोह आयोजित



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था सहयोगिनी का आज 23 वा. स्थापना दिवस बहादुरपुर कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि 14 अप्रैल 2001 में डॉ० भीमराव अंबेडकर के विचारों से अभिभूत होकर सहयोगिनी की स्थापना की गई थी। संस्था द्वारा, लिंग, जाति , धर्म , जेंडर , विभेद को समाप्त करने के लिए 23 वर्षों से कार्य किया जा रहा है। संस्था महिला एवम बाल अधिकार, पर्यावरण, ग्राम विकास को लेकर सघन रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए कार्यकताओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान संस्था की सूर्य मुनि देवी ने कहा कि लड़कियों को बाल विवाह के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसको दूर करने के लिए बोकारो के 150 गांव में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान संस्था के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि सहयोगिनी द्वारा बोकारो के साथ-साथ रांची, धनबाद, गिरिडीह, चतरा, सिमडेगा आदि जिलों में सामाजिक विकास का उद्देश्य प्राप्ति के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूवात डॉ० भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान सहयोगिनी के फुलेंद्र कुमार रविदास, मिंटी कुमारी सिंहा ,रोहित ठाकुर, अंजू कुमारी, पूर्णिमा देवी ,पुष्पा देवी , कुमारी किरण, विकास, अनुनय आदि उपस्थित थी।

## एक नजर

### अंबेडकर जंयती पर सौरभ ने चलाया स्वच्छता पाठशाला



**बोकारो :** बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उत्तरी पंचायत में स्थित शिव मंदिर में छोटे-छोटे नन्हे बच्चों ने बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर मंदिर तथा मंदिर प्रांगण की साफ सफाई की और क्षेत्र वासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस दौरान हाथों में तख्तियां थामें स्वच्छता के लिए कई संदेश दिए गए। साथ हीं साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता का पाठ बच्चों पढ़ाया गया। दरअसल उक्त कार्यक्रम सौरभ क्लासेस के बच्चों के द्वारा आयोजित किया गया था, जहां संचालक सौरभ कुमार ने कहा कि बच्चे जो वर्तमान में देश के भविष्य बनेंगे, सभी को शिक्षा के साथ साथ संस्कार और समाजिक कार्यों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। जिसे सभी को भलीभांति समझने की आवश्यकता है। इस मौके पर कई फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

### बोकारो जिले में जगह जगह संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अंबडेकर को किया गया नमन



**बोकारो :** बोकारो जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह संविधान निमार्ता डॉ० भीम राव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस दौरान बेरमो के कथारा चार नंबर अंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा स्थल पर नागरिक मंच द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर नागरिक मंच के सदस्यों के द्वारा बताया गया कि मंच के द्वारा आगामी 15 अगस्त को बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी। मौके पर मंच के अजय कुमार सिंह, एमएन सिंह, विजय यादव, तपेश्वर चौहान, दयाल यादव, देवेंद्र यादव काशी गोप, दिनेश यादव, सुरेश महतो, प्रमोद यादव, बीएन तिवारी, संतोष राम गोड, विजय नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कसमार प्रखंड में गर्री के पंचायत समिति सदस्य के आवासीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित शोषण मुक्ति मंच के बोकारो जिला संयुक्त सचिव राजेश कपरदार ने की। इस दौरान माकपा नेता शकुर अंसारी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर सभी को संविधान की रक्षा करने तथा शिक्षित व संगठित होने का संकल्प लेने की जरूरत है। इसके अलावा बहादुरपुर में सहयोगिनी संस्था का स्थापना दिवस सह अंबेडकर जयंती मनाई गई।

### आरएम इंटर कॉलेज चास में अंबेडकर जयंती मनाई गई

**बोकारो :** चास स्थित आरएम इंटर कॉलेज चास में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान वरीय अधिवक्ता हरी प्रकाश सिंह एवं रवींद्र प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अधिवक्ताओं की ओर से नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने सभी को संविधान के प्रस्तावना का पाठ करवाया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि आज देश में बाबा साहेब के द्वारा बनाए गए संविधान पर चौतरफा हमला हो रहा है। संविधान को बदलने की तैयारी हो रही है, जो देश के लिए खतरनाक है। सभा का संचालन हीरा लाल प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन अतुल कुमार ने किया। इस अवसर पर बासुदेव गोस्वामी दिनेश शर्मा, सोमनाथ शेखर, सुबोध यादव राजश्री, जवाहर प्रसाद समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंति पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो :** रविवार को आम आदमी पार्टी बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में सेक्टर चार डी स्थित भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर की जयंति पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आप जिला संयोजक विधान चंद्र राय के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बाबा साहब की जयंति को संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि आज बाबा साहब अम्बेडकर को याद करते हुए संविधान, लोकतंत्र और देश बचाने का समय है। जिस प्रकार से तानाशाह सत्ता विपक्ष के नेताओं को बिना सबूत जेल भेज रही है, उसका जवाब लोकसभा चुनाव में वोट की ताकत से देना है। बोकारो जिला संयोजक विधान चंद्र राय ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इसको बचाने के लिए देश भर में आम आदमी पार्टी कार्यक्रम कर रही है। आप के धनबाद जिला संयोजक अशोक महतो ने कहा कि बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। बोकारो जिला महासचिव राजेश सिंह ने कहा कि जनता के पास 2024 में तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का सुनहरा अवसर है। वोट से उसे चोट दें। कार्यक्रम में आप बोकारो महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल, युवा प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप झा, आजाद कुमार, मदन पाठक, सुमन सिंह, सुमन सिंह मिद्धू, श्रीपति रजवार सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी व डीडीसी ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण

### जिले के कई स्थानों में मनाई गई अंबेडकर जयंती



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती रविवार को मनाई गई। इस दौरान उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर के चित्र पर उपायुक्त विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ० दिनेश कुमार, सहायक निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्त्ता मो० मुमताज अंसारी, चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर डीसी विजया जाधव एवं डीडीसी संदीप कुमार ने आमजनों को बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। साथ हीं संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, एल आर डी सी प्रभास दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# लोहे की हूक लगाकर 50 फीट ऊंचे खूंटे पर झूले शिवभक्त



### कसमार प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया भोक्ता पर्व

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के प्रसिद्ध सिंहपुर शिवालय समेत मंजूरा, मधुकरपुर, अजैया (बगदा), कुलागुजू व दुगार्पुर समेत अन्य शिवालयों में भोक्ता पर्व रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों महिला-पुरुषों की भीड़ पूजा-अर्चना करने को शिवालयों में उमड़ पड़ी। शनिवार की रात को भी सैकड़ों महिलाओं ने भी भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। जबकि रविवार को अहले सुबह भक्तिया द्वारा जलते अंगारों पर चल बाबा भोलेनाथ पर आस्था प्रदर्शित की। इसके बाद दर्जनों भक्तिया द्वारा लोहे की हुक से अपनी पीठ छिदवाकर लगभग 50 फीट ऊंचे भोक्ता खुंटा में झूलने की परंपरा निभायी गयी। इस दौरान भोक्ता झूलन देखने हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे पहले शनिवार की रात को छऊ नृत्य का आयोजन भी हुआ। पश्चिम बंगाल से आये कलाकारों द्वारा झारखंडी छउ नृत्य की प्रस्तुति की गई। मौके पर सुजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम महतो, पंसस विनोद कुमार महतो, पूजा कमेटी के अध्यक्ष रंजीत कुमार साव, सचिव घनश्याम नायक, कोषाध्यक्ष शंकर महतो, फुलसुसारी मनोज कुमार सिंह, सुफलचंद्र महतो, अधीरचंद्र शर्मा, अजय कुमार महतो, लालमोहन महतो, सुरेश साव, लखन साव, भरत तिवारी, सुनील शर्मा, मिथिलेश महतो, मानुराम महतो, विष्णु जायसवाल, रूपेश साव, प्रो सुनील करमाली, मदन डोम, विश्वनाथ डोम, लखीकांत महतो, राकेश साव, देवाशीष दे आदि मौजूद थे।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद कार्यकारिणी ने किया चास स्थित जमीन का निरीक्षण

# परिषद् की चास स्थित जमीन पर प्ले स्कूल खोलने के लिए भवन निर्माण शीघ्र : नीरज

संवाददाता



**बोकारो :** प्रतितिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने रविवार को चास के कुंवर सिंह कालोनी स्थित परिषद की जमीन का निरीक्षण किया। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने बताया कि परिषद् की इस जमीन पर बच्चों के लिए प्ले स्कूल खोलने की योजना है। इसके लिए शीघ्र भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होगी। इसी उद्देश्य से रविवार को कार्यकारिणी द्वारा इस स्थल का निरीक्षण किया गया। इस वर्ष मार्च में परिषद् कार्यकारिणी गठन को लेकर हुए चुनाव में उन्होंने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि परिषद द्वारा इस जमीन पर भवन निर्माण कर प्ले स्कूल खोला जायेगा।

परिषद् व समाज के सहयोग से इस दिशा में शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा, सुनील कुमार चौधरी, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, संगठन सचिव बहुरन झा, योजना सचिव शिवेश पाठक, उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा, परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार झा, विजय कुमार ठाकुर, सुधांशु शेखर झा, गोपाल जी झा, आनंद कुमार राजहंस, आर एन मिश्र, गणेश झा, अरविन्द कुमार मिश्र, शंकर कुमार सिंह, गोपाल कृष्ण झा व जीवन मंडल उपस्थित थे।

# जारंगडीह में छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

संवाददाता



**बोकारो :** चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। नेम निष्ठा के साथ किया जाने वाला छठ पर्व बेरमो प्रखंड के जारंगडीह में भी बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान छठव्रती गाजे बाजे के साथ छठ घाट पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पूजा को लेकर छठ घाटों को भी सजाया गया था। साथ हीं छठ घाट जाने वाले रास्ते को रंगोली बनाकर आकर्षक रूप दिया गया था। बताते चलें कि लोक आस्था का चार दिवसीय अनुष्ठान सोमवार को प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सम्पन्न हो जायेगा।

# प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता परीक्षा में उमड़ी भारी भीड़

संवाददाता



**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय बोकारो, चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा संचालित चिन्मय स्माइल बैक कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे मेधावी छात्र- छात्राओं की सहायता के लिए प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में बोकारो जिला के सरकारी, गैर- सरकारी विद्यालयों के सातवीं से दशवीं तक के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ० अमरेन्द्र नारायण भारत ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गरीबी रेखा से नीचे रह रहे वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। यह दो चरणों में होगी। लिखित परीक्षा में अव्वल आये 80 छात्र-छात्राओ का चयन किया जायगा। ततपश्चात साक्षात्कार के बाद 40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जायगा। सातवीं के सफल छात्र छात्राओं को चार हजार रुपये की सहायता अध्ययन सामग्री के खरीद का बिल जमा करने पर दी जाएगी एवं 400 रुपये नगद दिया जाएगा।

इसी प्रकार आठवीं के लिए पांच हजार रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 500 रुपये, कक्षा नवमी के लिए छह हजार रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 600 रुपये तथा दशवी के लिए सात हजार रुपये बिल जमा करने पर एवं 700 रुपये नगद प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

बिल अध्ययन सामग्री खरीद का हो या फिर कही कोई क्लास जॉइन करने का होना चाहिये। डॉ० अमरेन्द्र नारायण भारत ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि इससे बच्चों में आगे बढ़ने की ललक बढ़ेगी एवं आर्थिक कमी उनकी शिक्षा में बाधा नही बनेगी। बोकारो इस्पात नगर एवं इसके आस पास के विभिन्न विद्यालय में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार, गोपाल चन्द मुंशी, डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत, संजीव मिश्रा, डॉ रोशन शर्मा, शैवाल गुप्ता, ललिता उरांव, पंकज मिश्रा, संजीव सिंह, प्रीति, सृष्टि, रणविजय ओझा, रजनीश, अमित एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# वेलमार्क हॉस्पिटल बोकारो में अग्नि सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण का अयोजन



**बोकारो :** वेलमार्क हॉस्पिटल बोकारो एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल है अस्पताल की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज कोड - रेड (लाल) पर अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मॉक-ड्रिल एनएबीएच कॉडिनेटर अरित्रो चटोपाधयाय के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में आकस्मिक आग लगने की स्थिति में उस पर तुरंत नियंत्रण पाने के विधि का प्रदर्शन किया गया, इसके लिए कुत्रिम आग लगाकर उसको अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा अग्नि शामक यन्त्र से बुझाया गया, तथा अग्नि शामक यन्त्र का उपयोग्य करने के समस्त विधि को चटोपाधयाय द्वारा बताया गया।

विदित हो की विगत 04 अप्रेल 2024 को मिशन अस्पताल दुगार्पुर के विशेषज्ञ डॉ तिर्थो मुखर्जी द्वारा हार्ट अटैक मरीज आने की स्थिति मे त्वरित उपचार पर एक कार्यशाला का अयोजन किया गया था जिसमें डॉ मुखर्जी ने रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, नर्सिगं स्टाफ एवं पारा मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित करते हुआ कहा की वेलमार्क हॉस्पिटल के मेडिकल टीम में काफी अच्छी गुनवत्ता है इन लोगों को प्रशिक्षित करके हमें गर्व हुआ।

एक नजर

### बेंगाबाद और गांडेय के गांवो में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का हुआ जोरदार विरोध



**गिरिडीह।** बेंगाबाद और गांडेय के बॉर्डर पर मोहनडीह रशनजोरी समेत कई गांवो में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का जोरदार विरोध हुआ। असल में अन्नपूर्णा देवी लोक सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशी के रूप में अपने जनसंपर्क अभियान में इन गांवो में पहुंची थी। यहां पहुंचते हीं ग्रामीण भड़क गए और विकास का कार्य नहीं होने का हवाला देकर इनका जोरदार विरोध किया। उनके साथ गांडेय विधानसभा प्रत्याशी दिलीप वर्मा समेत कई भाजपाई भी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें कहा कि बीते 5 साल में इस इलाके में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। ऐसे में आपको वोट मांगने का अधिकार नहीं है। हालांकि भाजपाइयों ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण बिल्कुल भी मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद मंत्री को यहां से निकलना पड़ा।।बताते चलें कि अन्नपूर्णा देवी वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भाजपा से कोडरमा लोकसभा जीतकर बनी हैं। उसके बावजूद जिस जनता ने उन्हें वोट देकर जिताया था आज वहीं जनता उन्हें वोट मांगने से मना कर रही है। यह घटना साफ दशार्ता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों को लेकर कितनी जागरूक हो चुकी है। निश्चित रूप से आने वाले चुनाव में इसका नतीजा देखने को जरूर मिलेगा।

### कांग्रेसियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी



**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा नटराज चौक के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने देश को अपना संविधान दिया, कानून दिया, जिसे हम कानून के नाम से जानते हैं। संविधान में हमें कई आजादी मिली हुई है। लेकिन पिछले दस वर्षों में संविधान और लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया है। लोगों की आवाज दबाने की भरपूर कोशिश की जा रही है। आज संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेने का दिन है। मौके पर मदनलाल विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह,अमित सिन्हा, सीताराम पासवान, चांद,पंकज सागर व सुजीत मंडल थे।

### झामुमो उलगुलान ने मनाई डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती



**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान ने रविवार को रानीबाग फुसरो स्थित कार्यालय में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस मौके पर उपस्थित झामुमो यू के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने बाबा साहब की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अध्यक्ष मधु पासवान ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना कर दलित और पिछड़ों को समानता का अधिकार दिया। जिसके कारण आज दलित और पिछड़े लोग समाज में सर उठा कर चल रहे हैं। झामुमो यू के केंद्रीय सचिव शंभू नाथ महतो ने कहा कि बाबा साहब भी समाज से उपेक्षित थे। जिसके कारण उन्होंने समाज के उपेक्षित वर्ग को समानता का अधिकार दिया। बीरन लोहार व गणेश महतो ने कहा कि बाबा साहब ने आरक्षण का संविधान में प्रावधान कर उपेक्षितों को समानता का अधिकार दिया। इसके लिए हम उनके प्रति आभारी हैं। इस मौके पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष हेमलाल महतो, फुसरो नगर सचिव गिरधारी महतो, छोटेलाल गुप्ता, लक्ष्मण रवानी, बद्री महतो, बसंत सोनी, महेंद्र मंडल, लालू गिरी, पुनीत गिरी आदि ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

बोकारो थर्मल में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

# पूरे जिले में डीवीसी बीटीपीएस का फायर सिस्टम है अव्वल : परियोजना प्रधान

संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट में रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में डीजीएम बीजी होलकर एवं सीआईएसएफ के डीसी राजोले विशाल विलास मौजूद थे। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के अलावा वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सहायक संरक्षा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, निरीक्षक फायर अनिल कुमार, निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून सहित सीआइएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने श्रद्धांजलि स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।



एचओपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट फायर विंग के कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा पूरे सप्ताह राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय स्कूलों, पावर प्लांट,हॉस्पीटल एवं ऑफिसर्स क्लब में करके आग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है, जिससे सभी को आग से बचाव की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल का सीआईएसएफ फायर विभाग पूरे जिला का उन्नत फायर विभाग है, जिसने अपनी कार्यप्रणाली से एक अलग ही पहचान बनायी है। कहा कि सीआईएसएफ की बदौलत ही पावर प्लांट सुरक्षा के साथ बिजली उत्पादन का कार्य करता है। डीसी राजोले विशाल विलास ने कहा कि आग की घटना काफी विनाशकारी होती है जिस पर नियंत्रण जागरुकता लाकर ही किया जा सकता है।

सीआईएसएफ फायर के अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस और सप्ताह के बारे में कहा कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक बॉम्बे में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों के आगोश में समा गया था और आग पर काबू पाने के लिए बॉम्बे फायर सर्विस के सौ से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए थे। उन्होंने अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए धधकती ज्वाला पर काबू करने का भरसक प्रयत्न किया और उन्होंने आग पर नियंत्रण तो कर लिया, लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी थी। उन्हीं 66 शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चैधरी ने कहा कि आग से बचाव को लेकर सीआईएसएफ को जो भी संसाधन की जरुरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा।

सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने डीवीसी के एचओपी, डीजीएम, अधिकारियों, सीआईएसएफ के पदाधिकारियों, जवानों को सुरक्षा को लेकर शपथ दिलायी। इसके पूर्व दो मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने किया। मौके पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक सुभाष प्रसाद, सूरज तिवारी, अनि चंद्र भान सिंह, सउनि ओपी यादव, सुरेश यादव, एफ फुकन, हेड कांस्टेबल रणवीर कुमार सिंह, आरक्षक पवन सिंह, शंकर कुमार गुप्ता सहित सभी जवान एवं अधिकारी मौजूद थे।

### विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए लगा रहे अनर्गल आरोप : ढुल्लू



संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा सबका साथ, सबका विकास की राह पर चलने वाली पार्टी है। पार्टी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। विरोधी दलों के लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए अपने परिवार की सोचने वाले लोग ही उनपर अनर्गल आरोप लगाते हैं। उक्त बातें भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कही। महतो अमलाबाद मंडल के नवाडीह स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के लोग तीन-तीन बार सेवक के रूप में विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। सडक से सदन तक जनता की आवाज को बुलंद किया। अगर लोकसभा चुनाव में भी जनता सेवक के रूप में काम करने का मौका दिया तो, जो भी समस्याएं होगी, उनका चुनौती के रूप में समाधान करने का प्रयास करेंगे। कहा कि हेमंत सरकार में बाहरी लुटेरों ने केवल राज्य को लूटने का काम किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओ को चुनावी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कई टिप्स दिए गए। कार्यकताओं ने चंदनकियारी विस से डेढ़ लाख मत भाजपा की झोली में भरने का संकल्प लिया। इसके पूर्व, डा. भीमराव अंबेडकर समेत अन्य महापुरुषों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पंकज शेखर ने की तथा संचालन महामंत्री अजय रजवार ने किया। मौके पर भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास सहित विनोद गोराई, फटीक दास, गोउर रजवार, निमाई महथा, हेमंत शेखर, समरेश महथा, राधेश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनायी



संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा चास नगर उत्तरी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर नयाटांड, चास में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी सजंय त्यागी ने इस मौके पर भारत के संविधान में समान अधिकारों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारत को एक सर्वस्पर्शी व भारत रत्न के रूप में संविधान में समाहित किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष पन्ना लाल कान्दु, गणेश राय, अरविंद राय, राजेश घोषाल, लक्ष्मण सिंह, झांटू दे, कनक कुमार, विमल कुमार, रणजीत बरनवाल, दिनेश महतो, कामता प्रसाद ठाकुर, गुलाब महतो, पप्पू चौरसिया, पिंटू पाल, गौतम कुमार, कनैया कुमार, विजय दास, नकुल दास, और नंदन कुमार भी उपस्थित थे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कलशयात्रा निकाली गई

**बोकारो।** जरीडीह बाजार के समीप नवनिर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आसपास की सैकड़ों कन्याएं व महिलाएं कलश लेकर शामिल हुए। दामोदर नदी से कलश में जल भरकर वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचीं। 15 अप्रैल को यज्ञ एवं वेदी-पूजन आरंभ होगा। 17 अप्रैल को भंडारा किया जाएगा। इस अनुष्ठान के पुजारी गोवर्धन शास्त्री, शिवकुमार शास्त्री, धनंजय शास्त्री, गोलू शास्त्री के द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया जा रहा है, वहीं यजमान राजकुमार साहु, सुरेश साहु, दिनेश जायसवाल, गुलशन साव हैं।

## बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर डीसी-डीडीसी ने किया चित्र पर माल्यार्पण

**चित्र पर माल्यार्पण के अवसर पर उपायुक्त आवास में समारोह आयोजित**



संवाददाता

**बोकारो।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर, उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में रविवार को डीसी-डीडीसी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सहायक निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इस मौके पर डीसी विजया जाधव एवं डीडीसी संदीप कुमार ने आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को भी बल दिया।

इस समारोह में जिले के परिवहन पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, योजना पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने भी बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यक्तियों ने बाबा साहब के उत्कृष्ट आदर्शों को याद किया और उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण उत्सव के रूप में माना और बाबा साहब के विचारों को आज की पीढ़ी के बीच फैलाने का संकल्प किया।

## बोकारो स्टील प्लांट के नए निदेशक इंचार्ज के रूप में बीके तिवारी की नियुक्ति

संवाददाता

**बोकारो।** एक महत्वपूर्ण घटना के तहत, बीके तिवारी को बोकारो स्टील प्लांट के नए निदेशक इंचार्ज के रूप में नियुक्ति मिली है। इस नियुक्ति की सूचना भारत सरकार की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने शुक्रवार को जारी की। विशेष रूप से बी.के. तिवारी, जो वर्तमान में बीएसएल के कार्य के निदेशक हैं, उनका नाम 24 फरवरी को केंद्रीय सरकार को सिफारिश किया गया था। दिल्ली में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बोर्ड के अधिकारियों द्वारा लिए गए साक्षात्कारों के बाद, तिवारी की समर्पण और विशेषज्ञता ने उन्हें 12 प्रतियोगियों में से चुना बनाया, जिससे केंद्रीय मंत्रिमंडल से अंतिम मंजूरी मिली। तिवारी ने अपना करियर 15 जुलाई 1989 को बीएसएल के कोक ओवन विभाग में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शुरू किया।




इस विभाग के भीतर उन्होंने चीफ जनरल मैनेजर के पद पर उत्तरदायित्व ग्रहण किया जून 2017 में। इसके बाद, 29 मई 2021 को उन्होंने ईडी कोलियरी का नेतृत्व संभाला, और 15 जून 2022 को उन्होंने बीएसएल के कार्य विभाग के निदेशक का कार्यभार संभाला।महत्वपूर्ण प्रतीक्षा के बीच, बी.के. तिवारी की बोकारो स्टील प्लांट में निदेशक इंचार्ज के पद पर चढ़ाव एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनके द्वारा नेतृत्व की शैली को विनम्रता, पहुंचनीयता, और कर्मचारियों के चुनौतियों और आकांक्षाओं की समझ के साथ भर दिया है। यह समावेशी दृष्टिकोण है जो व्यापक समर्थन और आशा को उत्पन्न करता है। कर्मचारी नए निदेशक इंचार्ज बी.के. तिवारी को सिर्फ अच्छा नेतृत्व ही नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक कल्याण और उन्नति के प्रशंसक के रूप में भी देखते हैं।

### भीम आर्मी ने शोभायात्रा निकाल कर मनायी बाबा साहब की जयंती

संवाददाता

**बेरमो।** भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) फुसरो, बेरमो व बोकारो जिला कमेटी ने संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें विभिन्न बहुजन संगठनों के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम फुसरो नगर परिषद कार्यालय परिसर से शोभा यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गयी, जो नया रोड फुसरो, फुसरो बाजार होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित प्रस्तावित बाबा साहब प्रतिमा स्थल पहुंची। इस दौरान लोगों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने केक काटा और एक दूसरे को खिलाकर खुशी जतायी। यहां सभा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष गोर्वधन रविदास ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को बाबा साहब के आदशों को अपना कर हीं दूर किया जा सकता है। आज उनके सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दुहराने का दिन है। उनके जीवन से शिक्षा लेते हुए सामाजिक समरसता की भावना को और मजबूत करना चाहिए।

### लगातार दूसरे हफ्ते साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से बाइक की चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो थर्मल बीओआई के समीप से दूसरे रविवार को भी साप्ताहिक हाट से तांतरी निवासी राजेश राम की बाइक (जेएच09एएफ-6855) की चोरी कर ली गयी। बाइक मालिक राजेश राम का पुत्र आकाश तांतरी से खरीदारी करने आया था। बीओआई के समीप बाइक को खड़ा कर गया और वापसी पर बाइक नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली तो बाइक चोरी की सूचना थाना को दे दी गई।

चैती छठ — कांचहीं बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...

## कहीं घर के आंगन में टब में, तो कहीं जलाशयों में दिए गए अर्घ्य

संवाददाता

**बोकारो।** चैती छठ का प्रथम अर्घ्य रविवार को श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में दिया गया। शनिवार को खरना पूजा के बाद रविवार शाम अस्ताचल भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किए। घर से लेकर घाट तक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कई व्रतियों ने अपने घरों में ही अर्घ्य दिया। कहीं घर के आंगन में गड्ढे खोदकर, कहीं बड़े टब में तो कहीं घर की छत पर टंकी बना पूजा की गई। वहीं, सिटी पार्क, चास गरगा पुल, सूर्य सरोवर, जगन्नाथ मंदिर स्थित सरोवर, टू टैंक गार्डन सहित



विभिन्न जलाशयों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान आसपास का पूरा वातावरण शारदा सिन्हा, कल्पना पटवारी सहित अन्य कलाकारों के छठ गीतों से गुंजरित होता रहा। व्रतियों और उनके परिजनों ने भी स्वयं गीत गाते हुए भगवान सूर्य को नमन किया। मंगलवार को उदयाचलगामी सूर्य को अ?र्घ्य देने के साथ ही चारदिवसीय इस महाव्रत का समापन हो जाएगा।

**इन कारणों से किया जाता है सूर्य षष्ठी व्रत**

जानकार बताते हैं कि सूर्य षष्ठी व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। भगवान भास्कर की मानस बहन षष्ठी देवी हैं। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना गया है। बच्चे के जन्म के छठे दिन षष्ठी मइया की पूजा की जाती है, ताकि बच्चे का ग्रह-गोचर शांत रहे।

मान्यता है कि नहाय-खाय से लेकर सप्तमी तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत करती हैं। इस पर्व में बांस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बर्तन, गुड़, चावल, गेहूं से निर्मित प्रसाद तैयार किया जाता है। इस बार लॉकडाउन के कारण श्रद्धालुओं को फल से लेकर अन्य चीजों की खरीदारी में भारी परेशानी हुई।

## संकल्प सृजन वार्षिक कार्य योजना तय की गई

संवाददाता

**बोकारो।** संकल्प सृजन, झारखंड प्रदेश की वार्षिक कार्य-योजना बैठक सेक्टर-9 स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय में हुई। साथ ही, कार्यालय परिसर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। महासचिव साध्वी झा ने बताया कि शीघ्र ही कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं कौशल विकास के अन्य आयामों के तहत अनेक प्रकार के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाने की योजना है।



सर्वप्रथम विशिष्ट समाजसेवी नीना नारायण, राजेंद्र कुमार, अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, संरक्षिका निशा रानी, शशि गुप्ता, कल्पना वर्णवाल ने भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में नीना नारायण ने कहा कि संकल्प सृजन समाज के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। अनेक प्रकार के घरेलू उद्योग के माध्यम से बहनें सबल हो रही हैं। इसी प्रकार निशा रानी, शशि गुप्ता, कल्पना वर्णवाल ने अपनी शुभकामनाएं दीं। मौके पर राजेंद्र कुमार, विनय झा, मनोज झा ने लघु उद्योग को बढावा देने पर जोर डाला।

सिलाई प्रशिक्षिका स्वरूप अनीता देवी का चयन किया गया। मौके पर इस अवसर पर देवंती, तनुश्री, लक्ष्मी, ईंदू, अनिता, लिलावती, गीता सिंह, श्वेता सहित अन्य प्रशिक्षु की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी संचार प्रभारी सुजीत कुमार मिश्रा ने दी।

# बंगाली कल्याण समिति ने किया बंगाली नव वर्ष में प्रभात फेरी का आयोजन

संवाददाता

**धनबाद ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगाली कल्याण समिति द्वारा बांग्ला नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम पर प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बांग्ला साल 1431 का स्वागत करने के लिए वर्ष का पहला दिन यानी पोईला बैसाख में समिति के सदस्य द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ जे सी मल्लिक रोड से हुई।

दुर्गा मंदिर, पार्क मार्केट, हीरापुर कोर्ट क्वार्टर, होते हुए हरी मंदिर में प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस प्रभात फेरी को बड़े हीं खूबसूरती से बंगला गीत और नृत्य से सजाया गया था। प्रभात फेरी के दौरान प्रत्येक चौराहे पर नित्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बंगाली कल्याण समिति के सभी पुरुष और महिला सदस्यों के योगदान से यह अनुष्ठान सफल हुआ।



महिलाएं पारंपरिक लाल पार सफेद साड़ी और पुरुष कुर्ता पजामा में दिखे। समिति के सचिव कंचन दे ने बताया कि इसमें धनबाद के नृत्य विद्यालय शम्पा मुखर्जी डांस एकेडमी ,गुरु सूर नृत्य संगम धनबाद ,सास्वती सेन डांस अकैडमी- झरिया, नृत्य मलिका डांस एकेडमी, अराधाना डांस अकैडमी मनाईटांड़ ,साधना डांस अकैडमी के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बांग्ला साल का यह हमारा पहला कार्यक्रम है इसके बाद समिति सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करते रहेगी। समिति के सांस्कृतिक समिति सचिव विकास क्रांति ने बताया कि प्रभात फेरी जे सी मलिक रोड से प्रारंभ कर माधव अपार्टमेंट पार्क मार्केट हीरापुर होते हुए हरि मंदिर पहुंची एवं यहां सांस्कृतिक अनुष्ठान किया गया। सभी पार्टिसिपेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

अतिथि के रूप में आए मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल की धर्मपत्नी वीना अग्रवाल ने कहा कि इस तरह का बांग्ला नव वर्ष के प्रभात फेरी में शामिल होने का मेरा पहला अनुभव है। मुझे बहुत अच्छा लगा। इसमें सभी बच्चे, महिला व पुरुष एक साथ शामिल होकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इसमें धनबाद के विशिष्ट अथिति संगीत शिल्पी इंद्रजीत चैटर्जी, अरूण बनर्जी, श्याम बनर्जी व कुमकुम बनर्जी शामिल थे। साथ हीं रुद्रूदीप चैटर्जी, अनुश्री बनर्जी, अरिजीत बनर्जी, निर्झर बक्शी, कुशन सेनगुप्ता, आवृत्ति डॉ० सुजाता चटर्जी ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### गुरदास चटर्जी के 24 वें शहादत दिवस पर उमड़ा जन सैलाब



**धनबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी का 24 वां शहादत दिवस पूर्व विधायक व उनके पुत्र अरूप चटर्जी के नेतृत्व में मनाया गया । सुबह से हीं उनके पार्टी के समर्थकों तथा नेताओं का जगह-जगह पर शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी के फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम चला। वहीं दिन के 2:00 बजे निरसा से एक विशाल जुलुस जिसमें हजारों की संख्या में उनके समर्थक पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में बाइक तथा बड़े वाहनों पर सवार होकर उनके शहादत स्थल गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवली पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की। विगत 24 वर्ष पूर्व आज हीं के दिन धनबाद से निरसा आने के क्रम में उनकी हत्या कर दी गई थी, जो उस समय की एक बहुत बड़ी राजनीतिक हत्या मानी जा रही थी। हर वर्ष मासस परिवार अपने समर्थकों के साथ शहादत स्थल देवली पहुंचकर उनकी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करता है। इस वर्ष भी हजारों की संख्या में उनके समर्थक पूरे जिले से शहादत स्थल देवली में जमा हुए ।

### बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर व शहीद गुरूदास चटर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर याद किया गया



**धनबाद।** भाकपा माले निरसा लोकल कमिटी की ओर से रविवार को सेन्ट्रल पुल कार्यालय में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई और शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी का शहादत दिवस मनाया गया। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर व शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दोनो महान नेताओ को याद किया गया। मौके पर माले के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कई बडे देशो के संविधानों के अध्ययन के बाद दुनिया का सबसे बेहतर संविधान देश को दिया है। जिसमें देश के सभी समुदाय व सभी नागरिकों को सामान्य अधिकार प्रस्तुत है।लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार संविधान व लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी हुई है। इसलिए आने वाले लोक सभा चुनाव में एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लेना है और भाजपा को सबक सिखाने का काम करना है। माले के राज्य कमिटी सदस्य कृष्णा सिंह ने कहा कि शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी विधायक के साथ साथ यहां के मजदूर नेता थे और आजीवन मजदूर-किसान के संघर्षो के साथ संघर्षरत रहे। आज उनके रास्ते को मजबूत करने का संकल्प लेने का दिन है।

### चिरकुंडा के अंबेडकर चौक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी



**धनबाद।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर चौक पर रविवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुरली तूरी, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापी सेनगुप्ता, डुमुरकुंडा उत्तर पंचायत के मुखिया रंजीत पासवान,बुलन बाउरी, सुनीता देवी, संजय ठाकुर,कल्याण राय सहित अन्य लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मीडिया से बात करते हुए चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की 134 वीं जयंती के अवसर पर हम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर रहे हैं। बता दें कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने कई बड़े देशों के संविधान के अध्ययन के बाद दुनिया में सबसे बेहतर संविधान देश को दिया था। जिसमें देश के सभी समुदाय व सभी नागरिकों को समान अधिकार दिया गया। परंतु आज देश के संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो देश के सभी वर्गों के लिए चिंतनीय विषय है।

# चुनाव आचार संहिता में रामनवमी में शान्ति पूर्वक जूलूस निकाला जायेगा



संवाददाता

**सिन्दरी।** सिन्दरी अंचल में डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत की अध्यक्षता में एसडीपीओ कार्यालय में रामनवमी अखाडा वालों की एक बैठक हुई। बैठक का संचालन झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन ने किया। श्री रंजन ने चुनाव आचार संहिता के कमीशन का कोड ऑफ कंडक्ट लागु होने एवं धारा 144 लागु होने से विधि सम्मत हीं जुलुस निकालना है। किसी भी तरह का भड़काऊ गाना, नागवार उद्घोश नहीं करना है। जुलुस में अपने वोलंटियर व प्राथमिक उपचार से सम्बंधित सामान उपलब्ध रहना चाहिए। किसी भी तरह का नशा किये व्यक्ति को चिन्हित कर प्रशासन को बताना है। जुलुस के द्वारा सडक जाम नहीं होना चाहिए। अवैध शराब बिक्रेता को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। केवल लइसेंस धारी ही जुलुस निकाल पाएंगे। जुलुस के अंतर्गत डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है, उसके स्थान पर चोंगा बजाया जा सकता है। धारा 144 लागु होने के कारण जुलुस में किसी भी पार्टी से सम्बंधित चिन्ह नहीं इस्तेमाल करना है। रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का साउंड नहीं बजना चाहिए। मौके पर पदाधिकारी भूपेंद्र राउत, सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार, बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती, गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल, भौरा प्रभारी रंजीत राम, लोदना ओपी प्रभारी रजनीकांत, पाथर्डी थाना प्रभारी पवन पाठक, धनुवाडिह ओपी प्रभारी पवन कुमार, तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती रोडाबांध चौक में धूमधाम से मनाई

संवाददाता

**सिन्दरी।** भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर के द्वारा सिंदरी में भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेडकर की जयंती रोडाबांध चौक में धूमधाम से मनाई गई। सारे कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्गों पर चलकर हीं हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी ने बाबा साहब के जीवन एवं संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार बाबा साहब के सपनो को साकार कर रही है और तीसरी टर्म की सरकार बनने के बाद और तीव्र गति से उनके सपनो को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यरूप ,प्रकाश बाउरी, राकेश तिवारी, कुमार महतो, रंजना शर्मा, राघव तिवारी, संजय महतो, रविश्वर मरांडी, नकुल सिंह, अणिमा सिंह, प्रदीप हांडी, चंद्रावती देवी, विजय कुमार, ईश्वर यादव, धर्मेंद्र यादव, देवाशीष सहिस आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# छठ व्रतियों ने आस्था की लगाई डुबकी अस्ताचलगामी भास्कर को दिया पहला अर्घ्य

संवाददाता

**सिंदरी।** सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को उपासकों ने विभिन्न जलाशयों में अस्ताचलगामी सूरज को अर्घ्य अर्पित किया। आई एम टाइप छठ तालाब, शहरपुरा शिव मंदिर, 7 लेक पार्क मनोहर टांड़ एवं दामोदर नदी घाट में छठ व्रतियों की भारी भीड़ देखने को मिली। हर जगह छठ के गीतों से वातावरण भक्तिमय हो रहा था। आतिशबाजी और गाजे बाजे के साथ व्रतधारी नंगे पांव सिर पर दउरा उठाएं छठ घाट तक जा रहे थे। जिसमें पूजन सामग्री के साथ ऋतु फूल- फल, ठेकुआ प्रसाद, अगरबत्ती व नारियल भरा हुआ था। शाम के समय हाथ में विभिन्न तरह के फलों व जलते दीपक से भरे कलसूप लिए पानी में खड़े होकर छठ व्रतियों ने विधि विधान से अस्ताचलगामी भास्कर को अर्घ्य दिया। 12 अप्रैल पहले दिन नहाए खाए, 13 अप्रैल खरना, 14 अप्रैल अस्ताचलगामी सूर्य देवता को विधि विधान से अर्घ्य दिया गया। खरना पूजा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद से हीं छठ पूजा का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है जो 36 घंटे तक चलता है। इस दिन दूध गुड वाली खीर और रोटी प्रसाद स्वरूप बनाई जाती है। खास बात है कि इस प्रसाद को मिट्टी के नए चूल्हे पर बनाया जाता है। सोमवार को छठ व्रती उगते सूरज को जल का अर्घ्य देंगे। इसके साथ हीं व्रत तोड़ा जाएगा और साथ हीं छठ महापर्व का समापन होगा। इसके बाद 36 घंटे उपवास रखने वाले छठब्रती अन्न-जल ग्रहण करेंगे।



# झामुमो धनबाद जिला समिति ने संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी

संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा जिला सचिव मन्नु आलम के नेतृत्व में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ० भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर डीआरएम कार्यालय के समीप बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अपने संबोधन में केन्द्रीय सदस्य डॉ० निलम मिश्रा ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद हम भारतीयों को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी प्राप्त हुई थी। परंतु समाज में व्याप्त कुरितियों एवं भेदभाव से आजादी बाबा साहब ने दिलाया। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सभी वर्गों को उनका हक व अधिकार दिलाने का कार्य किया। परंतु आज देश और संविधान दोनों खतरे में है। आज केन्द्र की भाजपा सरकार संविधान को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। जिस संविधान से संवैधानिक संस्थाएं बनीं हैं उन सभी संस्थाओं का उपयोग गलत तरीके से यहां के लोगों के ऊपर किया जा रहा है। लोगों के आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ हीं कानून में बदलाव करके संविधान से आम जनों के अधिकार को छिन्न-भिन्न करने का भी कार्य किया जा रहा है।



परंतु हम सभी इस संविधान विरोधी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं जिसे जारी रखेंगे। इस देश से संविधान को मिटाने से पहले हमें मिटना होगा। अपने संबोधन में जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि संविधान इस देश की आत्मा है और केन्द्र की भाजपा सरकार देश की आत्मा पर लगातार प्रहार कर रही है। इन लोगों की मंशा संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करना है। ये लोग देश में लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। इनके द्वारा राजतंत्र स्थापित करने का प्रयास आरंभ काल से हीं किया जा रहा है। आज देश की अधिकांश संवैधानिक संस्थाओं को निजी हाथों में बेंच दिया गया। ताकि आरक्षण को समाप्त किया जा सके। साथ हीं संवैधानिक संस्थाओं का दुरपयोग कर विपक्ष को इस देश से समाप्त कर राजतंत्र स्थापित कर सके।

इस प्रकार का हर कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री जब आदिवासी, दलित, पिछड़ों अल्पसंख्यकों को हक अधिकार दिलाने लगे तब इस संविधान विरोधी सरकार ने उस आदिवासी को झूठा मुकदमा कर जेल में डालने का कार्य किया। परंतु हम झामुमो के सिपाही हैं। हम इस देश के लिए, झारखंड के लिए और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। आज बाबा साहब की जयंती पर हम सभी प्रण लेते हैं जब तक इस अहंकारी भाजपा सरकार को केन्द्र से उखाड़ कर नहीं फेंकेंगे तब तक लड़ाई और संघर्ष जारी रहेगी।मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य धरणीधर मंडल, झाकोमोयू केन्द्रीय सदस्य अपुर्व सरकार, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, सचिव अबू तारीक,उपाध्यक्ष बंटी सिंह, मिहिर दत्ता, वकील दास, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव सुदीप दत्ता, विकाश मालाकार, नबुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष राजू प्रमाणिक, उपाध्यक्ष विष्णुदेव विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, युवा मोर्चा संयुक्त सचिव कुलदीप महतो, इकबाल खान, सुबल कुमार, रवि कुमार, जीवन दास, कार्तिक दास, रवि शंकर दास, बदल दास, किशोर दास, विशाल दास, महेश दास एवं अन्य उपस्थित थे।

# नारी शक्ति ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर को किया याद




संवाददाता

**धनबाद।** भूली ई ब्लॉक सेक्टर दो स्थित नारी शक्ति जन सुविधा केंद्र की केंद्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी देवी के आवासीय कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

मौके पर लक्ष्मी देवी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों को याद करने की जरूरत है। जो अधिकार हमे संविधान के रूप में बाबा साहब ने दिया उसकी रक्षा करने की जरूरत है। बाबा साहब ने शिक्षित बनो संगठित रहो का नारा दिया। आज जरूरत है कि हम जागरूक बनें और आने वाली पीढ़ी को उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। समाज को संगठित करें और अपने अधिकारों के लिए आंदोलनरत रहें।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि आज जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं इसलिए चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं। यह मंसूबा देश की जनता कभी होने नहीं देगी। अथक प्रयासों और हजारों हजार बलिदान के बाद हमें आजादी मिली और हमे संविधान मिला। अपने संविधान की रक्षा करनी होगी और यही बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने डॉ. भीमराव की जयंती मनाई गई

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में देश के संविधान के रचयिता डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय, हाउसिंग कॉलोनी में मनाई गई। मौके पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी सहित कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संविधान रचयिता भीमराव अंबेडकर एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे। उन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य करते हुए दलित व बौद्ध आंदोलन के लिए लोगों को प्रेरित किया और समाज में अछूतों को लेकर हो रहे भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने हमेशा श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकार के लिए आवाज उठाया। बाबा साहब ने अपने जीवन के दौरान भारतीय समाज में होने वाले अन्याय के खिलाफ आंदोलन चलाए और उन्होंने समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। बाबा साहब का भारत हीं नहीं अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहा है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और दलितों को समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किया।



उनके संघर्ष ने समाज को जागरूक किया और समानता के मार्ग में आगे बढ़ाया। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहब भारतीय संविधान निमार्ता और भारतीय सामाजिक सुधारक थे। वे दलित समाज के अग्रणी थे और उन्होंने अपने जीवन में उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनकी महानता उनके आदर्शों इंसानियत और समाज सुधार के प्रतीक हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एक मौलिक कागजात तैयार की। जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा के अधिकारों की गारंटी थी। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी,रवि रंजन सिंह योगेंद्र सिंह योगी,राजेश्वर सिंह यादव ,नवनीत नीरज ,मंटू दास ,राजू दास ,सीता राणा ,कुमार गौरव ,डीके सिंह, सतीश चंद्र रजक,भगवान दास,प्रभात सुरोलिया, संजय जायसवाल ,पप्पू कुमार तिवारी ,अवधेश पासवान ,बबलू दास ,राजेश राम ,गोपाल कृष्ण चौधरी ,मधुसूदन चौधरी ,कामता पासवान ,गंगा वाल्मीकि, जानकी देवी,देवेंद्र पासवान सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन व 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ' कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**धनबाद।** भारत रत्न बोधिसत्व संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर के 134 वें जन्मदिवस पर धनबाद के झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह में आम आदमी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए 'संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ' कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहब की तस्वीर पर माला पहनाकर तथा पुष्प देकर किया गया। तत्पश्चात भारत के संविधान का प्रस्तावना सभी लोगों को पढ़ाया गया तथा सभी लोगों ने शपथ लिया कि भारत के संविधान को तथा लोकतंत्र को बचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी धनबाद के जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, बुद्धिजीवी मंच के सचिव रविंद्र नाथ सिंह, सकेला बानो, सायरा बेगम, आयशा खातून, नूरेसा खातून, कुरेशा खातून, मोहम्मद अहमद, अलीम अंसारी, शमशाद अंसारी, मुन्ना खरवार, आदित्य नारायण, मोहम्मद सदीक, राजेश सरकार, महेंद्र कुमार, अनवर अंसारी, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष रॉकी मंडल, भोजपुरी मैथिली संस्कृति बचाओ मंच से जितेंद्र पासवान, जसीम अंसारी, आलोक खरवार, संतोष, महफूज आलम, राजू पंडित, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।



## सुभाषितम्

**कुछ भी इतना कठिन नहीं है अगर आप उसे छोटे-छोटे कार्यों में विभाजित कर ले। - हेनरी फोर्ड**

## देश क्या चाहे?

अंग्रेजी उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहां की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएं भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था । स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी। इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है। इस दृष्टि से लोक सभा का ताजा चुनाव एक खास अवसर है। प्रचार का काम जोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए कि स्म-कि स्म की तरकीबें आजमाई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके । जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में जमीनी स्तर पर प्रचार करने की कवायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया खास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंतःकरण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबांट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियाँ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालांकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और गलतियों की फेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और गैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे- डिजीटलीकरण, संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। 'मोदी की गारंटी' असरदार हो रही है। सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की उनकी कोशिश भी रंग ला रही है।

### चिंतन-मनन


## वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

**क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है। क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ। राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं। समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति प्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही नहीं हैं। क्षमा का प्रभाव अप्रतिहत होता है, पर क्षमा-धर्म की साधना है बहुत कठिन।**

## आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।
**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।
**मिथुन :** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।
**कर्क :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।
**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।
**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।
**तुला :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा।
**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।
**धनु :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।
**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।
**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोविनोद बढ़ेंगे।
**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

# लोकसभा में क्यों घट रही स्वतंत्र उम्मीदवारों की तादाद


आर.के. सिन्हा

बुजुर्ग हिन्दुस्तानियों को याद होगा ही कि एक दौर में वी.के. कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एस.एम. बनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जी.जी. स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे। पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी।

तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था। यानी किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं। बेशक, लोकसभा का चुनाव अपने बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकार रहती है। इसके बावजूद अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसका आम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई। 1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमशः 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे।

कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल तो बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं। कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे गांधी जी के सबसे उत्साही और विश्वासपात्र शिष्यों में से एक थे। उन्होंने लगभग एक दशक तक कांग्रेस के महासचिव के रूप में भी कार्य किया था।

लक्ष्मीमल सिंघवी जैसे सरस्वती पुत्र भी सदियों में पैदा होते हैं। वे ख्यातिलब्ध न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ, कवि, भाषाविद एवं लेखक थे। वे 'धर्मयुग' में विधि संबंधी मामलों में खूब लिखते थे। जब मैं 'धर्मयुग' में आवरण कथाएं लिखा करता था। उनका जन्म जोधपुर में हुआ था। वे 1952 से 1967 तक तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। चाहे सांसद रहे हों या किसी और संस्था से जुड़ गए हों, लेकिन उन्होंने वेतन के रूप में हमेशा एक रुपया ही लिया था। आप कानपुर में जाकर अब भी एस.एम. बनर्जी के बारे में पूछ लें। आपको लोग उनके तमाम किस्से सुनाएंगे। वे एक विख्यात मजदूर नेता थे। वे पश्चिम बंगाल से कानपुर में नौकरी करने के लिए आए थे। कानपुर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि बना लिया था। कोलकाता से आये मजदूर नेता एस.एम. बनर्जी ने 1957 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की तो 1962, 1967 और 1971 तक जीत का सेहरा वही पहनते रहे। शायद कानपुर अकेला शहर होगा, जहां चार बार लगातार कोई निर्दलीय सांसद चुना गया हो।

आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहां से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दुःख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए। कृपलानी जी सिंध (अब पाकिस्तान) से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंदरजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वे बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे। बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष बने। वे वनांचल राज्य आंदोलन के प्रमुख नेता थे जिसने दक्षिण बिहार के लिए अलग राज्य की मांग की थी।

अब डॉ. करणी सिंह की भी बात कर लेते हैं। हो सकता है कि नई पीढ़ी को उनके संबंध में कम जानकारी हो। वे देश के चोटी के निशानेबाज थे। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज किसी खिलाडी के नाम पर रखा गया राजधानी का पहला स्टेडियम माना जा सकता है। आमतौर पर यह नहीं होता। ड़ॉ. करणी सिंह रेंज का निर्माण 9 वें एशियाई खेलों के निशानेबाजी के मुकाबलों के लिए 1982 में हुआ था। डॉ. करणी सिंह बीकानेर के राज परिवार से थे। वे देश के पहले निशानेबाज थे जिन्हें 1961 में 'अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया था। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राज परिवार से आने के बावजूद आम जनता के सुख-दुख में शामिल होते रहते थे। वे 1952 से 1977 तक लगातार पांच बार सांसद रहे। उन्होंने दो चुनाव में 70 से 71 फीसदी मत प्राप्त किए थे। उनके बाद इस मत प्रतिशत को प्राप्त करने में कोई भी पार्टी प्रत्याशी सफल नहीं हो पाया। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद रहने का रिकॉर्ड करणी सिंह के नाम है।

लोकसभा चुनाव का उत्सव देश देख रहा है। सारा देश जानता है कि अब चुनाव लड़ना कितना खचीर्ला हो गया है। कैंपेन इतनी महंगी हो गई है कि कोई भी इंसान आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने से पहले कई बार जरूर सोचता होगा। इसके बावजूद जनता के बीच में काम करने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता चुनावी रणभूमि में कूदने से पीछे नहीं रहते। उम्मीद करनी चाहिए कि देश आगामी लोकसभा में पहले से अधिक आजाद उम्मीदवारों को देखेगा।

# डॉ अम्बेडकर की शिक्षा संबंधी दृष्टिकोण इसकी प्रासंगिकता

**मिथलेश दास**

शिक्षा एक आंदोलन है। अगर शिक्षा लक्ष्यों को पूरा नहीं करती तो वह निरर्थक है। भारत रत्नव डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्पष्ट विचार थे कि जो शिक्षा आदमी को योग्य न बनाए, समानता और नैतिकता न सिखाए, वह सच्ची शिक्षा नहीं है। सच्ची शिक्षा तो समाज में मानवता की रक्षा करती हैं, आजीविका का सहारा बनती हैं, आदमी को ज्ञान और समानता का पाठ पढ़ती हैं। सच्ची शिक्षा समाज में जीवन का सृजन करती हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा। इनके इस उक्ति से ही हम अंदाजा लगा सकते हैं की डॉ. अम्बेडकर शिक्षा को मानव जीवन में कितना महत्त्व देते थे और यह सही भी है क्योंकि शिक्षा सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। आज के जटिल जीवन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में तो शिक्षा जीवन का ठीक उस तरह से आधार बन गया है जैसे भोजन एवं पानी। अम्बेडकर को यह ज्ञात था कि समानता और न्याय के सिद्धांत के आधार पर समाज का नवनिर्माण करने के लिए शिक्षा सबसे आवश्यक शर्त है। डॉ. अम्बेडकर ने एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना करते थे, जो सस्ती हो और जिसकी पहुच समाज के सभी तबको तक हो व समाज का सबसे निर्धन व्यक्ति भी शिक्षा प्राप्त कर सके। वह शिक्षा को प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार बनाना चाहते थे ताकी शिक्षा किसी वर्ग विशेष की बपौती न बन सके और शिक्षा के मार्ग सभी के लिए खुले रहे। डॉ. अम्बेडकर ने समाज के निर्धन, गरीब व वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अपने त्रि-सूत्र के विचार में शिक्षा, संगठन, और संघर्ष को शामिल किया था। इसमें प्रथम स्थान शिक्षा को दिया इससे पता चलता है की वह शिक्षा को कितना महत्त्व देते थे। वह आह्वान करते थे- शिक्षित करो, संगठित करो, और संघर्ष करो । पढ़ो और पढ़ाओ। इस सूत्र का अर्थ स्पस्ट है कि संगठित होने और न्याययुक्त संघर्ष करने के लिए प्रथम शर्त शिक्षित होना है।

बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को सबसे अधिक महत्त्व प्रदान किया उनकी स्पष्ट मान्यता थी कि मानसिक परतंत्रता राजनैतिक पराधीनता से भी अधिक घातक होती है। समाज के पिछड़े वर्गों को केवल आर्थिक दृष्टि से मजबूत करना ही पर्याप्त नहीं है अपितु उन कारणों को भी दूर करना आवश्यक है। जो आर्थिक परतंत्रता के लिए विवश करते हैं, पिछड़े समाज की समस्या मात्र रोटी, कपड़ा और मकान की ही नहीं बल्कि सामाजिक परिस्थितियों के कारण उनके मन में गहरी बैठ गई उन हीन भावना की भी है, जिसके कारण उसका उद्धार अवरुद्ध हो गया है। शिक्षा का प्रसार किए बिना इस हीन भावना से उसे उबारा नहीं किया जा सकता। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार शिक्षा वह है जो मनुष्य को निडर बनाती है, एकता की भावना को जन्म देती है और जन्मसिद्ध अधिकारों तथा स्वतंत्रता हेतु संघर्ष करना सिखाती है। यही वह अस्त्र है जिसके सहारे सभी बुराइयों व बाधाओं से लड़ा जा सकता है। अम्बेडकर शिक्षा को समाज के प्राण के रूप में देखते थे और मानते थे कि सामाजिकता की भावना के विकास तथा मानवीय एवं सामाजिक नैतिकता की स्थापना और उन्नति के लिए उचित शिक्षा की अत्यंत प्रभावी भूमिका होती है। डॉ. अम्बेडकर के शब्दों में ₹वह शिक्षा नहीं जो हमें योग्य न बनाए तथा जो हमें समानता और नैतिकता का पाठ न पढ़ाए।

सच्ची शिक्षा वह है जो व्यक्ति की रुचियों की रक्षा एवं ज्ञान का विस्तार करती हो और समाज में समानता का भाव विकसित करती हो। डॉ. अम्बेडकर की हमेशा से यह सोच थी कि शिक्षा ही मनुष्य के जीवन को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाकर व्यक्ति के मस्तिष्क को उत्पादक बना सकती है जिससे वह समाज में अपनी भूमिका का सही तरीके से निर्वाह कर सकता है। यही वजह है कि अम्बेडकर ने सभी को शिक्षा प्रदान करने की वकालत की और कहा कि जब हवा, पानी, प्रकाश आदि सभी के लिए उपलब्ध हैं तो शिक्षा पर सिर्फ समाज के उच्च वर्गों का एकाधिकार क्यों होना चाहिए। उनके अनुसार शिक्षा एक ऐसी वस्तु है जो प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। यह इतनी सस्ती होनी चाहिए कि निर्धन से निर्धन व्यक्ति इसे प्राप्त कर सके।

वर्तमान इक्कीसवीं सदी में जबकि भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है राष्ट्रीय प्रगति और ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका और महत्त्वपूर्ण हो जाती है। विगत दो दशकों में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा की गई महत्त्वपूर्ण पहलकदमियों से देश में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और न सिर्फ पुरुष बल्कि महिला शिक्षा का ग्राफ भी तेजी से ऊपर चढ़ा है।

सरकार के द्वारा शिक्षा, विशेषकर प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाने हेतु संविधान संशोधन के माध्यम से प्रभावी व्यवस्था की गई है तो वहीं महिला शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पूरी कवायद और संपूर्ण पृष्ठभूमि में हमें अम्बेडकर के विचारों की झलक स्पष्ट रूप से दिखती है। डॉ. अम्बेडकर ने आज से वर्षों पहले शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करने और उसे सर्वसुलभ बनाने की बात की थी जिसे सरकार ने 2010 में 'शिक्षा का अधिकार' कानून लागू कर अमल में लाया। इसी तरह महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास, निःशुल्क शिक्षा आदि के रूप में सरकारों द्वारा दिया जाने वाला प्रोत्साहन डॉ. अम्बेडकर के महिला शिक्षा विषयक विचारों को कार्यरूप देने की दिशा में सरकार की पहल है। डॉ. अम्बेडकर ने ऐसी शिक्षा की वकालत की थी जो व्यक्तियों को आजीविका के अवसर प्रदान करे। इस दिशा में सरकार द्वारा रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था से जुड़े प्रयास विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भाषा के आधार पर पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव के संदर्भ में बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा उच्च शिक्षा के माध्यम के तौर पर देशी भाषा को अपनाने के विचार की महत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। हमारी नई शिक्षा नीति और शिक्षा विशेषज्ञ जिस अनुभवजन्य शिक्षा प्रणाली को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की बात कर रहे हैं और शिक्षण संस्थानों को स्थूल शिक्षा से आगे व्यावहारिक ज्ञान के केंद्र के रूप में विकसित करने के पक्षधर हैं, उसका आधार डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा दर्शन में निहित है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा के स्वरूप को प्रकट करने वाली डेलर कमीशन रिपोर्ट जो कि शिक्षा को जानने के लिए सीखना, करने के लिए सीखना, बनने के लिए सीखना एवं साथ रहने के लिए सीखना, के संदर्भ में स्पष्ट करती है, पूरी तरह डॉ. अम्बेडकर के उन शिक्षा विषयक विचारों को केंद्र में रखती है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षा, अनुभव केंद्रित, समस्या समाधान केंद्रित, भागीदारी पद्धति पर आधारित तथा सामाजिकता के गुणों को विकसित करने वाली होनी चाहिए।

# डॉ. अम्बेडकर चाहते थे समान नागरिक संहिता


शिवप्रकाश

14 अप्रैल 1891 को महू (मध्यप्रदेश) छावनी में पिता सूबेदार रामजी सकपाल एवं माता भीमाबाई के परिवार में बाबा साहेब का जन्म हुआ था। कुशाग्र बुद्धि,अथकपरिश्रमी, शिक्षाविद, शोषित, वंचित, पीड़ितों के प्रति संघर्ष के कारण मसीहा के रूप में उनको पहचान मिली। आर्थिक विशेषज्ञ, श्रमिक नेता के साथ-साथ राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत बाबा साहेब का जीवन था। सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के प्रति जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले समाज उद्धारक बाबा साहेब थे। संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण सभी भारतीय उनको संविधान निमार्ता के रूप में स्मरण करते हैं।

इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे।18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे। इस समय समस्त राजनीतिक दल एनडीए (N.D.A.) एवं इंडी (I.N.D.I.) दो समूहों में विभाजित हो गए है। एनडीए का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम हाथों में है, जो 10 वर्ष की अपनी उपलब्धियों के आधार पर देशभर के मतदाताओं से भाजपा एवं गठबंधन को वोट देने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं अनिर्णित नेतृत्व के साथ एवं भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध कर इंडी गठबंधन अपने लिए वोट मांग रहा है। नीर-क्षीर विवेक के आधार पर मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधि एवं सरकार का चयन अपना शत-प्रतिशत मत देकर करना है। मतदान यह प्रत्येक मतदाता का राष्ट्रीय दायित्व है।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में वादा किया है कि कांग्रेस भोजन, पहनावे, प्यार एवं शादी जैसे व्यक्तिगत विषय पर हस्तक्षेप नहीं करेगी। यदि इस वादें के माध्यम से कांग्रेस देश में पिछले दिनों कर्नाटक के स्कूलों में हुए हिजाब घटनाक्रम एवं लव जिहाद की मानसिकता को समर्थन कर रही है, तब यह देश के लिये आत्मघाती कदम होगा। स्कूली छात्रों में परस्पर प्रेम, भाईचारा, समानता एवं अनुशासन लाने के लिए एक समान वेश निश्चित किया जाता है। ऐसी मांग का समर्थन छात्रों में वैमनस्यता का विष घोलने का कामकरेगा। यह क्रम केवल हिजाब तक न रुककर आगे कहां तक जाएगा, यह कहना कठिन होगा। योजनाबद्ध तरीके से गैर मुस्लिम लड़कियों (हिन्दू, ईसाई) को प्रेम जाल में फंसाकर एवं बाद में नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर करना यह बहुसंख्यक समाज के साथ बहुत बड़ा षड्यंत्र है।

इसी लव जिहाद की मानसिकता को केरल सहित देश के अनेक हिस्सों में सरकारी एजेंसियों ने भी उद्घाटित किया है। देश विभाजन का दंश झेल चुके समाज में यह पुनः विभाजन का भय पैदा करता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देश ऐसे विषयों पर कठोर कानून बना रहे हैं। उत्तराखंड की भाजपा सरकार संविधान की भावना पूर्ति करते हुए समान नागरिक संहिता लायी है ।संविधान सभा की बहस में श्री अल्लादिकृष्णा स्वामी एवं के.एम. मुंशी का समर्थन करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा था कि समान नागरिक संहिता संविधान मसौदे का मुख्य लक्ष्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार अपने निर्णयों में इसके समर्थन में निर्देशित किया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट के कारण संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का विरोध कर रही है।

कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में कहा गया है कि देश में पिछले पांच वर्षों से भय का वातावरण है। लोगों को डराने-धमकाने के लिए कानूनों एवं एजेंसियों को हथियार बनाया जा रहा है । यह कहकर कांग्रेस सी.बी.आई., ई.डी. जैसे विभागों की भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई पर ऊंगली उठा रही है। वास्तव में देखा जाए तो देश में नक्सलवाद एवं सीमावर्ती आतंकवाद कम हुआ है ।गुंडे, बदमाश, आतंकवादी एवं आतंकवाद का समर्थन करने वाले भयांकित है ।पहले सार्वजनिक स्थानों पर लिखा रहता था कि अनजान वस्तुओं को मत छुओ बम हो सकता है,अब लिखा नहीं मिलता। सामान्य नागरिक निर्भय होकर अपना जीवन जी रहे हैं। भय का वातावरण यदि है तो भ्रष्टाचारियों में है जो देश की सम्पत्ति को अपनी संपत्ति मान बैठे थे। उनमे भय अच्छे प्रशासन का लक्षण है। परिवार के आधार पर चलने वाले दलों के नेताओं में अपने अस्तित्व के समाप्त होने का भय है। संविधान सभा की बहस के समय सभा के सदस्य श्री महावीर त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए परिवारवाद की ओर इंगित करते हुए कहा था कि भविष्य में एक विशिष्ट वर्ग वृत्तिभोगी राजनीतिज्ञों का जन्म होगा।

## दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.39 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 07.19 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.17 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.30 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.47 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.58 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.24 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.40 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मकर | 00.45 बजे से |
| | | कुंभ | 02.31 बजे से |
| | | मीन | 04.04 बजे से |

सोमवार 2024 वर्ष का 106 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि सप्तमी 12.12 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुनर्वसु 03.06 बजे रात्र को समाप्त।
योग सुकर्मा 23.08 बजे को समाप्त।
करण वणिज 12.12 बजे तदनन्तर विष्टि 00.43 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 06.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 09° 52'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871950
जूलियन दिन 2460415.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल
तारीख 05

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 | बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 | बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 | बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 | बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 | बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 | बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 | बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 | बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 | बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 | बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 | बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 | बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 | बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 | बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 | बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पलामू में धूमधाम से मनायी गयी डॉ. अंबेडकर की जयंती

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती रविवार को हर्षोल्लस के साथ मनाई गई। स्थानीय अंबेडकर पार्क परिसर स्थित डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर दर्जनों संगठन के लोगों ने माल्यापर्ण कर नमन किया। साथ ही आयोजित समारोह में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाल।

कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर देश को आगे ले जाने की जरूरत है। मौजूद अतिथियों संयुक्त रूप से मोमबती जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ पलामू के पदाधिकारियों ने लोगों का स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष नंद कुमार पासवान आदि बड़ी संख्या में लोगों ने डा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्ण किया। इसके बाद समारोह का आयोजन किया गया।



इधर बाबा साहेब की जयंती पर अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास के छात्रों ने शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होकर स्थानीय अंबेडकर पार्क पहुंचा। यहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा का नेतृत्व छात्रावास अधीक्षक प्रो. अजय राम, छात्र नेता उदय राम, नंदकुमार व प्रदीप राम,अनिल कुमार अंबेडकर ने संयुक्त रूप से किया। इधर महिलाओं ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।मौके पर उपस्थित छात्रावास अधीक्षक प्रो. अजय राम ने कहा की बाबा साहेब के कारण ही देश में दलितों का मान-सम्मान मिल रहा है। बाबा साहेब के तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो व संघर्ष करो आज भी प्रसांगिक है। संजय कुमार ने कहा कि बाबा साहेब दलितों के मसीहा थे।

**प्रो. अजय राम ने कहा की बाबा साहेब के कारण ही देश में दलितों का मान-सम्मान मिल रहा है**

वही जुलुश में शांति व्यवस्था और जाम की समस्या को देखते हुए जुलूस के साथ-साथ ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टिओपी 2 प्रभारी अनील कुमार सिंह सहित टाइगर मोबाइल के जवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर मनोज ठाकुर, श्याम पाठक, राधा मोहन सिंह, रंजन कुमार, रमेश मिस्त्री, प्रकाश सिंह, लोकनाथ उरांव, विजय राम, प्रेम कुमार, राम प्रवेश राम, रोहित कुमार, अनिल राम,प्रवीण कुमार, जीतू राम, रामपुकार राम,रामराज राम, दीपक कुमार,विकास कुमार, बीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# भार्गव सेना ने परशुराम मंदिर के लिए एक और गाने का किया विमोचन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा झारखण्ड के पलामू की धरती मथुरा बाड़ी रेड़मा में भगवान परशुराम जी के मन्दिर का निर्माण करवा रही है। इस मंदिर को लेकर पूरे भक्त गण भक्ति में सराबोर हैं इसी भक्तिमय माहौल को चार चांद लगाने के लिए बीते दिवस राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक और नए गाने का विमोचन किया गया, इस गाने को अपने स्वर से झारखण्ड के लोकप्रिय गायक भांगड़ भोला फेम महानायक उमाशंकर मिश्रा ने सजाया हैं। इस गाने को एक साथ सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म



यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित कई अन्य प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया, ताकि सभी श्राद्धलूओं तक आसानी से यह गीत पहुंच जाय, आप सभी को ज्ञात है। इससे पहले भी भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर दो गाने का विमोचन भार्गव सेना के तत्वावधान में हो चुका है। इस गाने के विमोचन कार्यक्रम की शुरूवात मन्त्रों उच्चारण के साथ किया गया, जहां भार्गव सेना के पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने महानायक उमा शंकर मिश्रा को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि परशुराम मंदिर को लेकर पूरे राज्य में भक्तिमय माहौल है।

## एक नजर

### जमोहरी धाम त्रिवेणी सरोवर छठी घाट पर छठ महापर्व पवित्रता और श्रद्धा के साथ रही धूम



**हुसैनाबाद/ पलामू।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के जेपी चौक स्थित सुर्य मन्दिर छठ घाट नहर मोड़ स्थित जमोहरी धाम छठी घाट लंगर कोट गांव स्थित त्रिवेणी सरोवर छठी घाट देवरी सोन तट पर सहित अन्य घाट पर लोक आस्था के चैती छठ महापर्व पवित्रता और श्रद्धा के साथ दुध घी धूप अगरबत्ती पान चावल फल सहित अन्य पूजा की अन्य समाग्री से व्रतधारियों ने डुबते हुए भगवान श्री भास्कर आचार्य विनोद दुबे एवं अशोक कुमार विश्वकर्मा के द्वारा अर्घ्य में सहभागिता निभाया। मौके पर चार धाम अध्यक्ष संह सुर्य मन्दिर अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता शिवपूजन प्रसाद गुप्ता अयोध्या प्रसाद गुप्ता मुकेश कुमार पटेल अजित कुमार पटेल किसान मोर्चा अध्यक्ष घूरा प्रसाद कृष्णा प्रसाद गुप्ता पाल बासपा नेता जुल्फिकार अली भाजपा नेता रामराम मेहता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अधिकार शिक्षा के माध्यम से ही ग्रहण कर सकते हैं: मधुसूदन पाठक



**हुसैनाबाद/पलामू।** प्रखंड के पोलडिह पंचायत के गांव ओबरा यूवा समाजसेवी मधुसूदन पाठक ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती माल्यार्पण कर मनाया गया। मौके पर उन्होंने बताया कि समाज में यदि अधिकार पाना है तो आप यह अधिकार शिक्षा के माध्यम से ही ग्रहण कर सकते हैं ना की लड़ाई के माध्यम से हमें शिक्षित होना होगा, तभी हम अपने अधिकार के लिए निर्भर होन अतिआवश्यकता है। मौके पर दीपक पाठक, दिलीप राम, सुदर्शन राम, प्रेमचंद, राजवीर, अक्षय राम, संतोष राम, सतबीर राम अभी शेखर रवि अशोक चंद्रवंशी अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज की संरचना: अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साह व सादगीपूर्ण मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन



अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एस.वी. साहा समन्वयक रिजवाना प्रवीण, अमरेंद्र सर श्याम सर ललन प्रजापति व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं कई बच्चे जैसे प्रणीत, अमित, रौनक, जूही, वारिस व अन्य को संविधान की पुस्तक भी भेंट की गई। मौके पर बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री देव ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र व उनकी उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि आंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। अंबेडकर संविधान निमार्ता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे साथ ही इन्होंने कहा की अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज की संरचना इसीलिए बाबा भीमराव के विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता।

### धूमधाम से मनी डॉ. अंबेडकर की जयंती

**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड में बड़े ही हर्ष एवं धूमधाम से संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में मनाया गया। जिसका अध्यक्षता व संचालन सरजू राम ने किया। इस



बीच कई पंचायतों से झांकी व शोभा यात्रा निकाली गई । इस जयंती कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखी गई एवं एक से बढ़कर एक वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनी के बारे में बताया की बाबा साहब व्यक्ति नहीं विचार का नाम है, उन्होंने ऐसा शिक्षा ग्रहण किया कि देश नहीं बल्कि विश्व में नाम रौशन हुआ और संविधान में सभी वर्गों को बराबर मान सम्मान दिया। साथ ही कहा कि बाबा साहेब के पद चिन्हो पर चलकर आगे बढ़ने कि जरूरत है। शिक्षित बनों संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा बाबा साहब ने सोच समझकर यह नारा दिया था।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का सदैव अनुपालन करना चाहिए : कौशल

● वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण व वितरण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए।वहीं बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य



एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का विधान है। उन्होंने कहा कि जो देता है उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। दोनों का ही समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है।

छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने बाबा साहब के 133 वां जन्मदिन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिए क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनकर गरीब असहायों को हर संभव मदद करनी चाहिए। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र में बालु और जल की समस्या से जूझ रहे लोगों को कहा कि यह समस्या सरकार की विफलता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में शामिल महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और पार्षद अमित कुमार जायसवाल को गर्मजोशी से स्वागत किया।। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की।गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में मांडवा पंचायत एवं बगया पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम ,पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव , धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# 30 गांव की पूजा समिति के लोगों ने सामूहिक रूप से रामनवमी पूजा नहीं मनाने का लिया निर्णय

● प्रशासन के प्रति लोगों ने जताया नाराजगी

संवाददाता

**पांडू/पलामू।** पांडू के कजरु कला सीतारामनगर स्थित रामनवमी मैदान खाली नहीं होने से इस वर्ष रामनवमी पूजा नहीं मानने का निर्णय लिया गया है। मालूम हो कि कजरु कला के देवनारायण पाण्डेय के द्वारा आठ माह पूर्व उक्त जमीन को अपना बताते हुए कब्जा कर अरहर की खेती लगा दी गयी है। फसल भी तैयार है लेकिन अभीतक उस मैदान को खाली नहीं किया गया है। जबकि रामनवमी मैदान को खाली कराने को लेकर रामनवमी पूजा महासमिति के लोगों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, पांडू अंचलाधिकारी, पांडू थाना प्रभारी को दिया था, लेकिन आजतक इस



मामले में कोई पहल नहीं किया गया। वहीं संस्थापक अध्यक्ष सह भाजपा वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव के खिलाफ मनगढ़ंत, तथ्यहीन व आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिससे यह रामनवमी पूजा बाधित हो जाए। रविवार को कजरु कला के रामजानकी विवाह मण्डप में विचार गोष्ठी सह प्रेस वार्ता किया गया जिसमें इस घटना की निंदा की गई, प्रेस वार्ता में धर्मदेव सिंह यादव ने बताया कि आठ माह पूर्व देवनारायण पाण्डेय के द्वारा रामनवमी मैदान को कब्जा कर जोत दिया गया था और उसमें अरहर की खेती लगा दी गयी है। रामनवमी पूजा महोत्सव का समय आ गया लेकिन अभी तक रामनवमी मैदान को खाली नहीं कराया गया है। जबकि इस सम्बंध में राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, अंचलाधिकारी पांडू, थाना प्रभारी पांडू आदि को लिखित आवेदन पूजा समिति के लोगों ने दिया है, इसके बावजूद अभीतक कोई पहल नहीं किया गया। जबकि उक्त जमीन का दस्तावेज की मांग संबंधित विभाग के पदाधिकारी व हक जता रहे देवनारायण पाण्डेय से भी मांग की गई थी लेकिन अभी तक उक्त जमीन का कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उल्टा उनके ऊपर देवनारायण पाण्डेय, पांडू पुलिस, विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस ने कई मनगढ़ंत,तथ्यहीन व आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जो निंदनीय है। गोष्ठी में उपस्थित पांडू, बिश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के लगभग 30 गांव के लोगों ने सामुहिक रूप से निर्णय लेते हुए इस वर्ष रामनवमी पूजा नहीं मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में उपस्थित कई पूजा समिति के लोगों ने बताया कि पांडू पुलिस के द्वारा गांव - गांव जा कर धमकी दिया जा रहा है कि जुलूस नहीं निकलना है।

# हौकर संघ ने भगवा झंडा व तोरण द्वारा लगा कर छह मुहान चौक को सजाया



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामनवमी त्योहार को लेकर हौकर संघ के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल और उनके सहयोगियों के द्वारा रामनवमी त्योहार को लेकर शहर के छह मुहान चौक को भगवा झंडा और वहां पर स्थित हनुमान मंदिर को तोरण द्वार लगाकर मंदिर को खूबसूरत ढंग से सजाया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शंभू अग्रवाल ने बताया कि कई वर्षों से हौकर संघ के द्वारा शहर के छह मुहान चौक को सजाया जाता है। चौक के सजावट में हौकर संघ के सदस्यों का अहम भूमिका रहता है।वही रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की तैयारीयां जोर शोर से शुरू हो गई है। इस अवसर पर रामनवमी जुलूस व भव्य झांकी निकालने की तैयारी में लोग जुट गए हैं। सभी अखाड़ा समिति महावीर नवयुवक दल जनरल अध्यक्ष पंकज जायसवाल के नेतृत्व में रामनवमी जुलूस एवं झांकी निकालेंगे में लगे हुए है। वहीं हिंदू नववर्ष की शुरूआत से ही लोगो ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों व मुख्य मार्गों को भगवा झंडों व बैनरों से पाट दिया गया है। जिससे पूरा शहर भगवा एवं राममय हो गया है। रामनवमी और हिंदू नववर्ष को लेकर दुकानों में भगवा झंडों की भी बिक्री जारी है। शहर के विभिन्न दुकानों में भगवा पताका खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

# विश्रामपुर प्रखंड के कई जगहों पर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

संवाददाता

**विश्रामपुर(पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में डॉ भीमराव अम्वेदकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ निकाली गई शोभा यात्रा व प्रभात फेरी में सैकड़ों युवक डीजे के धुन पर नृत्य करते बाबा साहेब अमर रहे का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। मुरमा कला, तोलरा, लालगढ़, पंजरी, सेमरी, ब्रहमोरिया मोड़ होते हुए भंडार, गुरी, पिपरा होते हुए बीमोड़ पहुंचा। बीमोड़ पहुंच सभा में तब्दील हो गई।

बीमोड पर जुलूस में शामिल लोगों को गोपाल राम की ओर से जलपान भी कराया गया। बीमोड़ पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी गोपाल राम व संचालन बिजय रविदास ने किया। आयोजित कार्यक्रम में विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास, युवा समाजसेवी गोपाल राम, निवर्तमान विश्रामपुर वार्ड पार्षद नरेंद्र राम, बालाजी चौबे



संदेश कुमार, गुड्डु राम, रोहित तिवारी, मणी भूषण पांडेय सहित कई नेताओं ने डॉ भीमराव के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। इसी तरह विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर जयंती विश्रामपुर बाजार प्रांगण में मनाया गया। उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। जिसकी अध्यक्षता विक्रम आदित्य बक्सराय व संचालन पंकज लाल ने की। मौके पर प्रखंड मंत्री राजकुमार मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, सिंकु, शासी, विकास गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

# मतदान कर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश के आलोक में मेदिनीनगर के एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। एक सौ मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के पहले दो दिनों में डीएवी में 4228 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल में 2200 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम ने किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण,



कमलेश दूबे,आलोक तिवारी, देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, श्यामलाल उरांव, मनोज कुमार द्विवेदी, नसीम अहमद, विनोद दीक्षित, सुमंत तिवारी, संजय सिंह, सतीश सिन्हा, नीरज पाण्डेय, नन्दकिशोर कुमार, अर्पण गुप्ता, मृत्युंजय कुमार व सरोज कुमार आजाद सहित एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा मतदानकर्मियों को उनके कार्य-दायित्व व ईवीएम संचालन के साथ मतदान प्रक्रिया की सांगोपांग जानकारी दी गयी।

इस मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, डीएसई रणधीर कुजूर सदर सीओ अमरदीप सिंह मेलहोत्रा व परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम के द्वारा अनुश्रवण किया गया।

### राजद कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब आंबेडकर की जयंती

**हरिहरगंज (पलामू )।** राजद कार्यालय में रविवार को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव तथा संचालन राजद के प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर बुधन सिंह यादव ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। जिसे आज पूरा देश अनुकरण कर रहा है। वहीं महेंद्र यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं एक विचारधारा थे । उनके विचार पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मौके पर अशोक जायसवाल, दीपक कुमार यादव, सत्येंद्र भुईयां ,मिथिलेश यादव, बलदेव भुइया, संजय कुमार यादव, सत्येंद्र यादव, मंजय यादव, सूरज यादव, जितेंद्र दास, राजकुमार गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, सोनू गुप्ता सहित कई राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिल्डिंगों के अवैध निर्माण का बड़ा कारण है राजनीतिक हस्तक्षेप



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लौहनगरी जमशेदपुर में बन रहे बिल्डिंगों के अवैध निर्माण का सबसे बड़ा और मुख्य कारण राजनीतिक हस्तक्षेप है और यह हमेशा से चलता आ रहा है। जिसकी सत्ता, उसके नेता और उसी का बोलबाला शहर में चलता आ रहा है और जो आज भी कायम है। अगर ऐसे में किसी अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक पार्टी के विरुद्ध जाकर कारवाई की जाती है तो उसे अविलंब कुर्सी से हटा दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला बीते दिनों जमशेदपुर अक्षेस विभाग के उप नगर आयुक्त रवि प्रकाश के साथ घटा है। उन्होंने सिर्फ स्थानीय पावरफुल राजनीतिक पार्टी के संबंधित नेता की बात नहीं मानी। जिसका नतीजा यह हुआ कि उन्हें अविलंब पद से हटाकर उनकी जगह दूसरे को बैठा दिया गया। जबकि उनके पदभार लिए कुछ ही माह हुए थे। अब ऐसे में अधिकारी कारवाई करें तो करें क्या। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) अंतर्गत अवैध निर्माण की जांच के लिए बीते 6 अप्रैल शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट द्वारा भेजी गई एक उच्च स्तरीय समिति ने अपनी जांच शुरू की। इस दौरान एसडीएम पारुल सिंह और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने समिति के सदस्यों को पूरा सहयोग भी किया। जांच के क्रम में समिति ने बिस्टुपुर स्थित होटल सेंटर पॉइंट और होटल सोनेट समेत कई प्रतिष्ठानों की जांच की। जिसमें समिति ने कई अनियमितताएं भी देखी। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन सहाय के नेतृत्व में अधिवक्ता सुदर्शन श्रीवास्तव और पांडे नीरज राय के साथ टीम ने स्थिति का आंकलन भी किया। मौके पर उन्होंने भवन का नक्शा, निर्माण और पार्किंग व्यवस्था की जांच में गंभीर कमियां भी पाई। समिति ने देखा कि किसी भी इमारत में पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण सड़कों पर वाहनों के पार्किंग से भीड़भाड़ की स्थिति है। साथ ही बिना अनुमति के बेसमेंट और बैंक्वेट हॉल का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जिसके बाद कानूनी टीम ने अपनी जांच के निष्कर्षों पर प्रकाश डालते हुए झारखंड हाईकोर्ट को एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का वादा किया। इस दौरान एसडीएम पारुल सिंह ने झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने की बात कहते हुए जांच टीम को पूरा सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए उनके सहयोग में किसी भी तरह की कमी से इंकार किया। बताते चलें कि शहर के रहने वाले राकेश झा द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी। जिसके आलोक में यह जांच शुरू हुई है। साथ ही दायर पीआईएल में अवैध निर्माण और पार्किंग सुविधाओं की अनुपस्थिति का आरोप लगाया गया है। जिसे कथित तौर पर जेएनएसी, प्रशासन और टाटा स्टील भूमि विभाग की मिलीभगत से बढ़ावा दिया गया है। झारखंड उच्च न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक स्वतंत्र जांच शुरू की। जिसमें इस मुद्दे पर सुनवाई चल रही थी।

# ओलीडीह वसुंधरा स्टेट के पास गैरेज में चालक की गोली मारकर हत्या, खोखा बरामद



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** ओलीडीह ओपी अंतर्गत एनएच 33 वसुंधरा स्टेट के पास स्थित गैरेज में रविवार की दोपहर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने ट्रेलर चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस दौरान अपराधियों ने उसके सर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में छह गोलियां मारी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सिदगोड़ा बारीडीह निवासी सन्नी कुमार यादव के रुप में हुई है। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा मामले की सूचना पाकर संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के क्रम में खोखा भी बरामद किया है। मामले में एनएच 33 चंद्रावती नगर निवासी मालिक प्रतुल बाजपेई ने बताया कि उसके चालक के छुट्टी में चले जाने पर 3-4 दिनों पहले ही मृतक सन्नी यादव ने चालक का काम उनके यहां पकड़ा था। जिसके बाद वे घर से मौके पर पहुंचे तो चालक को मृत पाया। जबकि मामले में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक सन्नी यादव गैरेज में खड़ा होकर काम करवा रहा था। इसी बीच बाइक सवार दो लोग आए और पीछे से सर में सटाकर उसे गोली मार दी। जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। बावजूद इसके अपराधियों ने उसपर गोलियां चलाई और उसकी मौत पर पूरा इतमीनान होकर दोनों वहां से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### लॉयर्स डिफेंस ने भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी



**जमशेदपुर ।** साकची स्थित धालभूम क्लब में रविवार संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती को लॉयर्स डिफेंस ने समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव ने किया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि राज्य बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा, कुमार राजेश रंजन चाईबासा कंज्यूमर फॉर्म के सदस्य एवं जमशेदपुर जिला आभार संघ के अधिवक्ता राजीव कुमार भी उपस्थित रहे। सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, वरिष्ठ अधिवक्ता विमल कुमार पांडे, विनीता सिंह, विनीत मिश्रा नवीन प्रकाश, विनोद कुमार मिश्रा, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार मोहंती व नीरज कुमार उपस्थित थे। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने मंच पर आसीन अतिथियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत भी किया। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता विमान कुमार पांडे, दिलीप कुमार महतो, विनीता सिंह, विनीत मिश्रा, हरविलास दास व परिणीता श्रीवास्तव को भी अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं मंच पर आसीन वीरेंद्र शर्मा ने पूरे संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य को बखूबी बताया। इसी तरह राजीव कुमार ने सभी अधिवक्ताओं को एकजुट होकर रहने को कहा। जबकि राजेश कुमार शुक्ला ने प्रस्तावित सभी प्रस्ताव को तहे दिल से स्वागत एवं पारित किया।

### महिलाएं भी लाठी का जौहर दिखाएंगी

**झुमरी तिलैया।** लाठी चलाने के अभ्यास , तलवार चलाने के अभ्यास रामनवमी के शुभ अवसर पर आज अभ्यास सत्र का उद्घाटन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति झारखंड प्रांत के सह प्रमुख सुषमा सुमन और समाज सेवी गायत्री देवी , डॉ मनोज कुमार , सुभाष गुप्ता , मुरली मोदी , राखी सिन्हा, प्रदीप कुमार सुमन , पतंजलि परिवार के योग शिक्षक प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, नमिता देवी, सुधारानी संयुक्त रूप से दीप प्रचलित की और फीता काटकर अभ्यास शिविर स्थल का उद्घाटन किया। गया, स्थान ग्राडं सूर्या होटल के पास सुबह 5:00 बजे से 8:00 तक चली। अभ्यास सत्र शाम 4:00 बजे से 6:30 तक चलेगी । यह कार्यक्रम योग क्रांति अखाड़ा समिति के द्वारा किया जा रहा है और प्रशिक्षक कोलकाता से आए हुए आशीष घोष के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

### सीएपीएफ की रहने की सुविधा को लेकर स्थल का किया गया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मरकच्चो प्रखंड के सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो और परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने चुनाव के दौरान सीएपीएफ को रखने की सुविधा को लेकर जायजा लिया । उन्होंने कहा कि उक्त स्थान पर सभी सभी मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्था करेंगे और शौचालय और पेयजल की व्यवस्था ठीक रखेंगे। अतिरिक्त शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उपस्थितिः मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी मरकच्चो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गयी



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी । इस अवसर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, सहित महाविद्यालय के सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के जीवन संघर्ष एवं सामाजिक योगदानों पर विचार प्रस्तुत किए साथ ही उनके पद चिन्हों पर चलने हेतू संकलित हुए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के शैक्षिक दर्शन से सभी को अवगत कराया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखंड सभागार में बैठक संपन्न, कहा

# मतदान केंद्रों में सुविधाओं का भौतिक सत्यापन होगा



संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखंड सभागार में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वच्छ बनाने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का मतदान दिन से पहले और मतदान दिन का समय में अहम जिम्मेदारी होती है। इसलिए चुनाव को निष्पक्ष व स्वच्छ बनाने के लिए अपने अपने सेक्टर अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करेंगे। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं यथा बिजली, पानी और शौचालय की समुचित व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त शौचालय की जरूरत है, उन मतदान केंद्रों पर शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिये कि अगर वोटर को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है,तो इसकी सूचना तत्काल देंगे। सभी मतदान केन्द्रों का रूट चार्ट का अवलोकन कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों के रुप चार्ट के नजरी नक्शा की भी अवलोकन किया। क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिये।मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टी को वाहन उपलब्ध कराने के लिए वाहनों का आकलन करने का निर्देश दिये। जितने भी नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं, उन मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं को उनके नये मतदान केंद्र के बारे में जानकारी देंगे। सभी बीएलओ मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर रहेंगे। सभी मतदान केन्द्रों में वालिंटियर चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने सेक्टर अंतर्गत मतदान केंद्रों का रूट चार्ट बना लेंगे। सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम वीवीपैट का दिया जायेगा प्रशिक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा ने कहा कि मतदान दिवस के दिन सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की अहम जिम्मेदारी होती है, इसके लिए उन्हें ईवीएम वीवीपैट की जानकारी होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि ईवीएम वीवीपैट में किसी तरह की समस्या होने पर पदाधिकारी प्राजईडिंग आफिसर से संपर्क कर कार्य का निस्तारण कर सकेंगे। क्लस्टर पर पोलिंग पार्टी को ठहरने और खाने की उचित व्यवस्था करेंगे। नेमचेक सभी बीएलओ मतदाताओं का करायें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से सभी मतदाताओं का नेमचेक करायेंगे। उन्होंने कहा कि अभी भी किन्हीं मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नहीं जुड़ा है , उनका नाम मतदाता सूची से जोड़े। साथ ही अपसेंड, डेथ और शिफ्टेड मतदाता का सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें। सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची का वितरण करने का निर्देश दिये। **उपस्थितिः** बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी मरकच्चो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ व अन्य मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी चला मतदाता पंजीकरण महाअभियान छुटे हुए मतदाताओं का भरा गया फार्म 06



संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत आज दूसरे दिन भी नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत वार्ड संख्या 03,04,05 व 06 डोर टू डोर फार्म 06 कलेक्शन हेतु मतदाता पंजीकरण अभियान और नैतिक मतदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद् झुमरी तिलैया में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नीतिन पांडेय, अरविंद कुमार द्वारा झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 06 के मतदान केन्द्र संख्या 87 व 88 में डोर टू डोर घरों का भ्रमण कर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़ा नहीं है , उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ा गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद् झुमरी तिलैया के वार्ड 05 में इओडीबी मैनेजर राजीव कुमार सिंह और उनके टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया। साथ ही वार्ड नं 3 व 4 में भी डोर टू डोर जाकर फार्म 06 कलेक्शन किया गया। फार्म 06 कलेक्शन के उपरांत मतदाताओं के साथ सेल्फी लेते हुए 20 मई 2024 को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त ने मतदाता पंजीकरण महाअभियान का निरीक्षण किया उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा मतदाता पंजीकरण महाअभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभी छुटे हुए सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें और मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को किया गया जागरूक लोकसभा चुनाव- 2024 के निमित स्वीप गतिविधि के तहत जिले के सुदुर्वती क्षेत्रों में रहने वाले PVTG समुदाय के मतदाताओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न कॉलेज एवं विद्यालयों में स्वीप गतिविधि के तहत चुनाव संबंधित रंगोली, दीवार लेखन, मानव श्रृंखला, मतदान शपथ एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन कर मतदाताओं को नैतिक मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

## मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 देगा विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि : अन्नपूर्णा देवी



संवाददाता

**कोडरमा ।** केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 केवल संकल्प पत्र नहीं, बल्कि यह मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। भाजपा ने आज संकल्प पत्र राष्ट्र के समक्ष रखा है और पिछले 10 वर्षों का ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए बिना किसी संदेह के यह कहा जा सकता है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी, किसान, युवा एवं अन्य सभी वर्गों के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास देश के विकास का एक विजन है, उस विजन को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति, संगठन और नेतृत्व है दूसरी ओर, इंडी गठबंधन के पास इन सभी चीजों का सर्वथा अभाव है नेतृत्व तय करना तो उनके बस का है ही नहीं, देश के विकास का कोई विजन और उसे क्रियान्वित करने की इच्छाशक्ति का भी घोर अभाव है सबसे बड़ी बात, जिस गठबंधन क हर दल अलग अलग घोषणा पत्र जारी कर रहा हो और जिनमें भयंकर विरोधाभास हो, वैसे गठबंधन से समन्वित विकास की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। बीते 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने खूबसूरती के साथ विविधता में एकता के मंत्र को आत्मसात करके सांस्कृतिक एकता से भारत की एकात्मकता का रास्ता तय किया है। अब भाजपा ने देशवासियों के संतुष्टिकरण का रास्ता चुनते हुए, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी 3.0 में 'विकसित राष्ट्र' के संकल्प की पूर्ति के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा ने मोदी 3.0 में 3 करोड़ पक्के मकान बनाने का संकल्प लिया है, भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर 2025 जनजातीय गौरव वर्ष होगा, गरीबों के साथ साथ मध्यम वर्ग को भी पक्के मकान की गारंटी होगी, भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, 18 सेक्टर्स में हम दुनिया में टॉप 5 पर होंगे, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा और इस प्रक्रिया में निवेश से रोजगार का सृजन होगा, 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया मोएरंग दिवस



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने सुभाष चंद्र बोस एवं आजाद हिंद फौज के वीरों को नमन कर मोइरंग दिवस मनाया। इस दौरान आजाद हिंद फौज के गठन से लेकर उनके सेनानियों के शौर्य और पराक्रम को याद किया गया। नेताजी सुभाष के जय हिन्द का उद्घोष उनकी अद्भुत नेतृव क्षमता और विश्व नेतृत्व का बेमिसाल उदाहरण था। आजाद हिंद फौज की स्थापना एक अप्रतिम संकल्प की अपरिमेय कहानी है। वहीं रविवार कार्यक्रम का आरंभ नेताजी सुभाष और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिसके बाद मोइरंग के वीर कर्नल शौकत अली और सेनानियों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया। मोइरंग पोस्ट पर आज ही के दिन हिंद फौज ने विषम विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला करते हुए वर्मा के रास्ते हिंदुस्तान की धरती पर कदम रखा और यूनियन जैक को उखाड़ फेंक भारत का तिरंगा फहराकर इतिहास रचा था। वहीं परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। साथ ही संगठन से जुड़े नए सदस्य सूबेदार मदन कुमार, लांस नायक शिव कुमार और सार्जेंट श्री चंद प्रसाद को सम्मानित भी किया गया। मौके पर जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष विनय यादव, अनिल सिन्हा, अवधेश कुमार, दीपक शर्मा, गौतम लाल, राजेश कुमार, योगेश, सुखबिंदर सिंह, बिरजू कुमार, विजय कुमार, नवेन्दु गांगुली, आमद कुमार, मंजीत सिंह, हरि सिंह, निरंजन शर्मा, आरपी ठाकुर, कुंदन सिंह, किशोरी प्रसाद, बी सिंह, वेदप्रकाश समेत अन्य मौजूद थे।

### कोडरमा की बदहाली के लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदारः आर.के. बसंत

**कोडरमा।** कोडरमा, सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा जिले की बदहाली पर यहां की विधायक एवं सांसद को जिम्मेदार ठहराया है। एक समय विश्व पटल पर अभ्रक के नाम पर पहचान बनाने वाला यह जिला आज लाखों लोगोंको बेरोजगार बना दिया है। इस विषय पर कुछ लोग अपनी नेतागिरी चमकाने धरना प्रदर्शन कर अपनी साख तक गिरा चुके हैं।

हेमंत सोरेन ने भी ढिबरा उद्योग को बढ़ावा देने के नाम पर हरी झंडी दिखाकर एक ढिबरा लदी गाड़ी को विदा किया और झूठा आश्वासन देकर चलते बने। यहां की सांसद भी तीन बार विधायक एवं मंत्री बनीं पर उपलब्धि के नाम पर शून्य। वर्ष 2016 से कोडरमा मुख्यालय अंतर्गत जयनगर चौक निकट हाल्ट की मांग एवं 2018 में रेललाइन जाम किया गया एवं इस संबंध में लगातार अन्नपूर्णा जी से झूठा आश्वासन मिलता रहा।

## होली चाइल्ड स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में शनिवार को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से एक विशेष सभा का आयोजन किया गया । सभा का मुख्य उद्देश्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की ओर से दिए गए मूल्यों को विकसित करना और जिम्मेदारियां के बारे में बताया गया जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की और उनके बताएं गए विचारों को मानने का संकल्प लिया। बच्चों ने भाषण व कविता वाचन किया ।एक छोटी सी लघु नाटिका के माध्यम से बचपन के दिनों में डॉक्टर अंबेडकर की ओर से सामना किए गए अपमान को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया , इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य प्रियंका ओझा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान निमार्ता थे। जिनका 14 अप्रैल को जन्म हुआ था जिन्होंने विशेष परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई को पूरा कर भारत के संविधान को बनाया और उस समय देश में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ एक आंदोलन के रूप में अभियान चलाया । प्रियंका ने कहा की अम्बेडकर जी ने उच नीच के भेदभाव को मिटाया और सभी को समान अधिकार दिलाया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से बच्चों को शिक्षा लेने की बात कही मौके पर शिक्षक महेश सिंह,सीमा सिंह,गोपाल पाण्डेय, मुस्कान सिन्हा, काजल कुमारी, काजल सिन्हा, पायल कुमारी, सृष्टि कुमारी, पूनम सिन्हा,निशिथ ओझा, अफजल हुसैन, कुणाल कुमार ,असगरी खातून सहित सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद थे ।

# आईपीएल 2024 के 30वें मैच में जीत की तलाश में हैदराबाद से भिड़ेगा बेंगलुरु

● दोनों टीमों के बीच कुल 23 खेले गये मुकाबलों में से 10 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते है



● सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी

**बेंगलुरु। एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 30वें मैच में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सत्र में हैदराबाद सनराइजर्स को हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा। सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी।

दोनों टीमों के बीच कुल 23 खेले गये मुकाबलों में से 10 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते है वहीं हैदराबाद सनराइजर्स ने 12 मैचों में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा। इस हिसाब से हैदराबाद का पलड़ा भारी लगा रहा है और उसके बल्लेबाज भी आईपीएल के इस सत्र में फार्म में है। आंकड़े बताते हुए पिछले मैच में कप्तान फाफ डुप्लेसी (61), रजत पाटीदार (50) दिनेश कार्तिक (53) रनों की पारी के दम पर बेंगलुरु ने 196 रनों बड़ा स्कोर तो खड़ा किया लेकिन उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव नहीं कर पाये और मुम्बई इंडियंस से मुकाबला सात विकेट से हार गये। इससे पहले छह अप्रैल को भी विराट कोहली की शतकीय और फाफ डुप्लेसी की शानदार पारियों के दम खड़े किये गये 183 रनों स्कोर का उसके गेंदबाज बचाव नहीं कर सके और टीम राजस्थान से छह विकेट से यह मुकाबला ही हार गई।

वहीं बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ खेले गये मुकाबले में भी विराट कोहली की नाबाद 83 रनों की पारी के दम पर टीम ने 182 का स्कोर खड़ा किया। यह मुकाबला भी यह सात विकेट से हार गये। आरसीबी को एक मात्र जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स के साथ खेले गये मैच में हासिल हुई। इस मैच में विराट कोहली ने 77 रनों की पारी खेलते हुए लक्ष्य का आसान बना दिया और उसके बाद दिनेश कार्तिक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को पहली जीत दिलायी थी। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स को दो रनों से हराया था। मुकाबले में एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे।

नितिश कुमार रेड्डी ने टीम के लिए सर्वाधिक 64 रनों की पारी खेली थी। इससे पहले के मैच में हैदराबाद ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया था। वहीं गुजरात के खिलाफ हैदराबाद का प्रदर्शन खराब रहा था और उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। कोलकाता के खिलाफ भी करीबी मुकाबले में चार रन से हार मिली थी। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हैदराबाद के बल्लेबाजों हाइनरिक क्लासन(80), अभिषेक शर्मा (63) और ट्रैविस हेड (62) ने आतिशी पारी से 277 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करते हुए यह मुकाबला 31 रनों से जीत लिया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में छह मैचों में एक जीत और दो अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद पांच मैचों में तीन जीत और छह अंकों के साथ पांचवें पायदान पर है। स्टेडियम के टी20 रिकॉर्ड को देखते हुए जो भी टीम यहां टॉस जीतेगी वह लक्ष्य का करना पसंद करेगी। इस पिच पर पहली पारी का औसत स्कोर 148 रन है।

एक नजर

## सर्वेश कुशारे ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब



**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीजन की शानदार शुरूआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। इस प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निशाद कुमार ने भी इस स्पर्धा में 1.98 मीटर की छलांग के साथ कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के ग्रुप बी में किसी भी एथलीट ने दो मीटर से ऊंची कूद नहीं लगाई। ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने इस इवेंट में हिस्सा नहीं लिया। पुरुषों की 1500 मीटर में, परवेज खान 3:38.76 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 12वें स्थान पर रहे। जिससे वह इस स्पर्धा के इतिहास में चौथे सबसे तेज भारतीय बन गए। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 3:40.89 था। 1500 मीटर रेस को अमेरिका के कॉलिन साहलमैन ने 3:33.96 के समय के साथ जीती। नाथन ग्रीन 3:34.79 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि क्रेग एंगेल्स ने 3:35.46 समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## संकट में आया गिल का रिकॉर्ड



**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए 22 साल के जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया। जेक फ्रेजर को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। अपने आईपीएल करियर की दूसरी ही गेंद पर जेक फ्रेजर ने छक्के से अपना खाता खोला। उनका दूसरा स्कोरिंग शॉट भी छक्का था। उनका दूसरा छक्का 96 मीटर लंबा था। युवा विदेशी बल्लेबाजों के लिए भारतीय सरजमीन पर में आकर रन बनाना इतना आसान नहीं होता। कई बल्लेबाज आते हैं लेकिन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट जाते हैं। लेकिन जेक फ्रेजर के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने आईपीएल के सबसे कंजूस गेंदबाजों में शामिल क्रुणाल पंड्या की ही खबर ले ली। क्रुणाल के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ने के साथ ही उन्होंने सिर्फ 31 गेंदों पर डेब्यू मैच में ही फिफ्टी ठोक दी। जेक फ्रेजर ने 35 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली, जिसकी हर जगह चर्चा हो रही है। लेकिन यह सिर्फ ट्रेलर है। मैकगर्क इससे कहीं ज्यादा खतरनाक बैटिंग कर सकते हैं। प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही नाम है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में शतक ठोका था। उसके पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। अब उनके आईपीएल में आने यह यह रिकॉर्ड भी खतरे में है। लखनऊ की पिच पर गेंदबाजों के लिए भी मदद थी। इसके बाद भी मैकगर्क ने तेजी से रन बनाए।

## ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स की ओर से 3000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आतिशी पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। ऋषभ ने इस मैच में 24 गेंदों में ही 41 रन बना दिये। इस पारी के बल पर दिल्ली की टीम ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। इस मैच में ऋषभ ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से 3000 रन भी पूरे कर लिए। लखनऊ के खिलाफ नौ रन बनाते ही ऋषभ ने अपने 3000 रन पूरे किये।

ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी हैं। इससे पहले दिल्ली का कोई भी खिलाड़ी आईपीएल में इतने रन नहीं बना पाया है। ऋषभ के नाम अब दिल्ली की ओर से कुल 3032 रन हो गये हैं। दिल्ली के लिए अब तक दूसरे सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। वॉर्नर ने 89 मैचों में कुल 2570 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक भी लगाये हैं। वहीं तीसरे नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने दिल्ली के लिए 87 मैचों में 2382 रन बनाए हैं। वहीं चौथे नंबर पर 2375 रन के साथ श्रेयर अय्यर हैं और पांचवे नंबर पर 2066 रन के साथ शिखर धवन है। दिल्ली अब आईपील में नौवें स्थान पर पहुंच गयी है।

## राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब को तीन विकेट से हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर

**चंडीगढ़। एजेंसी**

आईपीएल 2024 के 27वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है। इस सीजन पांचवी जीत दर्ज करने के साथ राजस्थान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। उसके 6 मैच में अब 10 अंक हो गए हैं। दूसरी ओर पंजाब को 6 मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। उसे सिर्फ 2 मैचों में ही जीत मिली है। अंक तालिका में पंजाब की टीम आठवें पायदान पर है।चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मुकाबले में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम ने शिरोमन हेटमायर की छोटी लेकिन निर्णायक पारी की मदद से



19.5 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाकर मैच को जीत लिया। हेटमायर ने अर्शदीप सिंह के आखिरी ओवर में 2 छक्के लगाकर टीम को जीत दिला दी। अर्शदीप 20वें ओवर में 10 रन नहीं बचा सके। हेटमायर 10 गेंद पर 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। उन्होंने एक चौका और 3 छक्के लगाए। राजस्थान के लिए हेटमायर के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, तनुष कोटियान ने 24 और रियान पराग ने 23 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन ने 18 रन का योगदान दिया। रोवमन पॉवेल 11 और ध्रुव जुरेल 6 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की तरफ से कगिसो रबाडा और सैम करन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और लियाम लिविंगस्टोन को 1-1 सफलता मिली। इससे पहले, राजस्थान के गेंदबाजों ने इस मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और पंजाब को 150 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचने दिया। पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 16 गेंद पर सबसे ज्यादा 31 रन बनाए।

## तीसरे शतक से चूके दुनिया के दो महान बल्लेबाज



**नई दिल्ली। एजेंसी**

इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में अब तक दो बैटर ही 299 के स्कोर पर पहुंचने के बावजूद तिहरे शतक से वंचित रहे हैं, इसमें से एक बैटर को पूरी टीम के आउट होने के कारण नाबाद पवेलियन लौटना पड़ा था जबकि दूसरा 299 रन के स्कोर पर आउट हुआ था। ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन 1932 में 299 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे थे जबकि न्यूजीलैंड के मार्टिन क्रो को 1992 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में 299 के स्कोर पर आउट हो गए थे। टेस्ट के तीसरे दिन एक छोर से विकेट गिरते रहे और दूसरी तरफ से डॉन ब्रेडमैन रन बनाते रहे। ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट 499 पर गिर गए थे और सभी को उत्सुकता यही थी कि डॉन ब्रेडमैन तिहरा शतक पूरा कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए पड थर्लो के साथ 14 रन बनाए इस समय ब्रेडमैन 299 रन बना चुके थे। दुर्भाग्यवश 513 के स्कोर पर थर्लो रन आउट हो गए और ब्रेडमैन 299 रन ही बना पाए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 205 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीकी 274 रन ही बना गई। जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया को 70 रन बना थे जो टीम ने बिना विकेट खोए हासिल कर लिया था। वैसे 1932 के एडिलेड टेस्ट में 299 पर नाबाद रहने से पहले 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ ब्रेडमैन तिहरा शतक बना चुके थे।

तिहरा शतक चूकने वाले पहले बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रेडमैन थे जिन्होंने वर्ष 1932 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में 23 चौकों की मदद से 299 रन बनाए थे और पूरी टीम के आउट होने से वह नाबाद रहे थे। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 308 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई पारी 513 रनों पर खत्म हुई। डॉन ब्रेडमैन ने 299 (नाबाद) रन बनाए थे जबकि ओपनर बिल वुडफुल ने 82 रन बनाए। बिल पांसफोर्ड (5) के रूप में पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद ब्रेडमैन और वुडफुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 186 रन की साझेदारी खेली।

# कारोबार की खबरें

## भू-राजनीतिक हालात पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई। एजेंसी**



मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह 75 हजार अंक के शिखर से फिसले शेयर बाजार की अगले सप्ताह कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक हालात पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3.32 अंक फिसलकर सप्ताहांत पर 74244.90 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.7 अंक बढ़कर 22519.40 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 78.49 अंक चढ़कर सप्ताहांत पर 40909.03 अंक जबकि स्मॉलकैप 160.64 गिरकर 45872.07 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में अपेक्षा से अधिक महंगाई, सकारात्मक रोजगार और विनिर्माण आंकड़ों के कारण जून में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की निवेशकों की उम्मीद धराशायी हो गई। इसके अलावा आपूर्ति संबंधी चिंताओं के साथ-साथ मध्य पश्चिम में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ला दिया है, जिससे समग्र बाजार धारणा प्रभावित हुई।

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, केंद्रीय बैंक की बढ़ती खरीद और सुरक्षित मांग में वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। इसके विपरीत यूरोपीय केंद्रीय बैंक के निकट अवधि में संभावित दर में कटौती के संकेत से बीते सप्ताह यूरोपीय बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के कमजोर परिणाम की संभावना और मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों के प्रीमियम मूल्यांकन को देखते हुए एफआईआई सावधानी बरत रहे हैं। आईटी क्षेत्र में खर्च में मंदी और अमेरिकी नीतिगत दरों की अनिश्चितताओं के बीच चौथी तिमाही की कमजोर आय के कारण समेकन जारी है। बैंकिंग क्षेत्र की धीमी ऋण वृद्धि और दीर्घकालिक औसत से अधिक मूल्यांकन होने के कारण बैंकिंग खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में मुनाफावसूली स्पष्ट है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई निकट अवधि में मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि की ओर इशारा कर रहे हैं।

निवेश सलाह देने वाला कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि निवेशक अगले सप्ताह बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई। एजेंसी**



विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.4 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 4.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 85.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड बढ़कर 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

# पीवीयूएनएल परियोजना में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन

संवाददाता

**पतरातू।** के औ सु ब इकाई पीवीयूएनएल पतरातू में वरिष्ठ कमाण्डेंट महेश पॉवरेल के मार्ग दर्शन में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इस सम्मारोह के मुख्य अतिथि अनुपम मुखर्जी, महाप्रबंधक / परियोजना इसमें भाग लिया। समारोह में पीवीयूएनएल के डी० बोस महाप्रबंधक रविन्द्र पटेल, महाप्रबंधक, मनीष क्षेत्रपाल महाप्रबंधक, नीरज कुमार राय, अवर महाप्रबंधक संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बी०डी दास, अवर महाप्रबंधक आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम



शहीद अग्नि कर्मिको को मुख्य अतिथि एवं पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्वान्जली अर्पित किया गया तथा बल सदस्यों ने भी पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीद अग्नि कर्मिको को श्रद्धान्जली दी। कार्यक्रम के दौरान मुम्बई डाकयार्ड में भीषण अग्नि दुर्घटना के दौरान एवं उसके बाद के प्रत्येक वर्ष के दौरान अग्नि दुर्घटनाओ में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को दीप प्रज्वलित कर श्रधांजली दी। मौके पर अगिन सुरक्षा से संबंधित बुकलेट एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। वरिष्ठ कमाण्डेंट महेश पॉवरेल ने अपने सम्बोधन में बताया कि के औ सु ब इकाई पीवीयूएनएल पतरातू की अग्निशमन शाखा, अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन कर रहा है जिसका शुभारम्भ आज हो रहा है। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि अग्निशमन सप्ताह का उद्देश्य संयंत्र कें कर्मचारियों, आम नागरिको, स्कूली बच्चों व अन्य को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात करें एवं ऐसे उपाय करे कि या तो ऐसी अग्नि दुर्घटनाएँ न हो या इनकी संख्या में कमी आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मुख्यकार्यकारी अधिकारी अनुपम मुखर्जी, महाप्रबंधक / परियोजना पीवीयूएनएल पतरातू ने अपने सम्बोधन में के औ सु ब अग्निशमन शाखा के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा अग्निशमन शाखा के प्रति विश्वास जताया। के औ सु ब की अग्निशमन शाखा परियोजना की अग्नि सुरक्षा के साथ-साथ प्रशासन के आग्रह पर संयंत्र के बाहर की अग्निशमन सुरक्षा के प्रति भी अपना उत्तर दायित्व भली-भाँति निभा रहा है। उन्होने कहा कि यह आवश्यक है कि अग्निदुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जाए ।

# समाजसेवी, ग्रामीण व छात्रों ने अरगड्डा अंबेडकर नगर में बाबा साहब को किया याद

संवाददाता

**गिद्दी।** अरगड्डा स्थित अंबेडकर नगर झोपड़ी वार्ड न.13 में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समाजसेवियों, हाई स्कूल, इंटर की छात्राओं, प्राथमिक खंड के विद्यार्थियों व ग्रामीण धनी लाल विश्वकर्मा एवं अन्य ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर इंटर छात्रा रिया कुमारी, हाई सेकेंडरी की छात्रा सुषमा कुमारी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष एनपीएस झोपड़ी की आरती कुमारी, समाजसेवी सुरेंद्र राम, अशोक बेदिया, अविनाश राम व बच्चों ने



फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाजसेवियों ने बच्चों के बीच कलम और टॉफी का भी वितरण किया गया। वक्ताओ ने कहा कि समाज से अंधकार को दूर करने के लिए भीमराव जी के बताए मार्ग पर चलकर हर हाल में शिक्षित बनना होगा, तभी क्षेत्र गांव का निर्माण व देश उन्नति की ओर बढ़ेगा। इसके अलावे गांव से इंटर व हाई सेकेंडरी तक पहुंचने वाली छात्रा रिया कुमारी, सुषमा कुमारी की भी प्रशंसा की गई। उनके हाथों से भी बच्चों को कलम दिलवाया गया।

## एक नजर

### डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाये गए मार्ग पर चलें : पीयूष चौधरी



**गोला ।** गोला प्रखंड के सोसोकंला में भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी जी के सुपुत्र समाज पीयूष चौधरी जी शामिल हुए एवं विशिष्ठ अतिथि आजसू अनुसूची जाति महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार एवं आजसू पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष राजू कुशवाहा मौजूद वहीं समाजसेवी पीयुष चौधरी ने कहा की बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दिखाए हुए मार्ग पर चले और समाज को एक नई दिशा में ले जाएं मौके पर अनुसूचित जाति महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष नीरज नायक सोहीत नायक पप्पु रजवार आयोजन समिति के अध्यक्ष युगेन्दर रविदास सचिव राजकुमार रविदास विरेन्द्र रविदास चंदन रविदास आदि मौजूद थे।

### जय प्रकाश भाई पटेल से झारखंड कुरमी महासभा की औपचारिक भेंट



**गिद्दी।** झारखंड कुरमी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी के गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल से औपचारिक भेंट कर उन्हें बधाई दी। साथ ही हर संभव जीत दिलाने हेतु विचार विमर्श के साथ साथ विशेष रणनीति बनाई गई। इस मौके पर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर भुनेश्वर महतो, प्रदेश संयुक्त सचिव देवकी महतो, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य कौलेश्वर महतो, प्रदेश सह सचिव सेवालाल महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुनेश्वर महतो, टिंकू कुमार गांधी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष डा रघुनंदन प्रसाद, महासचिव रामटहल महतो, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष गुलचंद महतो, सुदीप महतो, डाडी प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन महतो, अशोक महतो, तुलसी महतो, कामेश्वर महतो, होरील महतो, हजारीबाग जिला युवा अध्यक्ष टेकोचंद महतो, चोलेश्वर महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जीएम ऑफिस कॉलोनी में मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

**गिद्दी।** जीएम ऑफिस कॉलोनी अरगड्डा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी माथुर राम ने बताया कि बीते करीब 10 वर्षों से घर के प्रागंण में सपरिवार एवं कॉलोनीवसियों के साथ बाबा साहब को याद करते आ रहे है। मकसद है सभी में भीमराव जी का स्मरण सदैव बना रहे, साथ ही उनके बताए मार्ग पर लोग चलते रहे, बच्चे उनके विचारों से प्रेरित हो। मौके पर काउंसिल के क्षेत्रीय अध्यक्ष माथुर राम, जीतन राम, दिनेश राम, रंजीत कुमार दास, सोनू कुमार दास, शांति देवी, मंजू देवी, अंजली कुमारी, नैना कुमारी, नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, अश्विन कुमार, निधि कुमारी, उज्जवल कुमार आदि उपस्थित थे।

### बाबा साहब का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोतः डीसी



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिलेवासियों को डॉ अंबेडकर जयंती की बधाई दी है। उन्होंने आज डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना सम्मान प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान के सूत्रधार बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई देती हूं। संविधान के रचयिता,ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। डॉ साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' हमेशा प्रासंगिक रहेगा। बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है।

## भीषण गर्मी को देखते हुए उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, हुआ निर्णय

# जलापूर्ति योजनाओं को नियमित रखा जाए

संवाददाता

**रामगढ़ ।** डीसी चंदन कुमार ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिला के सभी प्रखंडों में समस्याओं के समाधान के लिए पेयजल के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता सहित जिला प्रखंड एवं अंचल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे चुके हैं। जनता को किसी भी तरह की परेशानी ना हो, लोगों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो, इसको लेकर उन्होंने जिला भर के सभी प्रखंडों मैं पेयजल अभियंता एवं पंप ऑपरेटर को जिम्मेवारी सौपी है । इसको लेकर उन्होंने रामगढ़, दुलमी, गोला, चित्तरपुर, मांडू एवं पतरातू के लिए उसके सभी पंचायत क्षेत्र के लिए सहायक



अभियंता शिव कुमार बेदिया का मोबाइल नंबर 70044 99328 एवं सहायक अभियंता पेयजल युगल प्रताप सिंह का मोबाइल नंबर 8051 015036 जारी किए हैं। अपने अपने क्षेत्र में पानी की समस्याओं को लेकर उपरोक्त नंबर पर फोन कर समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इन्हीं दोनों अभियंता के नंबर के आधार पर उसे क्षेत्र के पंप ऑपरेटर पानी की समस्या को लेकर बताए गए स्थल पर पहुंच जाएंगे।

जलापूर्ति योजनावार पंप ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के नंबर, अखबारों सहित सोशल मीडिया माध्यमों से किए जा रहे हैं प्रकाशित, शिकायत प्राप्त होने पर पंप ऑपरेटर को त्वरित करनी होगी मरम्मती, अपने क्षेत्र से संबंधित मामला नहीं होने पर भी शिकायतकर्ता को मना नहीं कर सकेंगे पंप ऑपरेटर, प्रत्येक जलापूर्ति योजना में संधारित की जा रही हैं दर्ज, त्वरित की जाएगी कार्रवाई। उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपायुक्त द्वारा गर्मी के मौसम के दौरान सभी जलापूर्ति योजनाओं का नियमित रूप से कार्य करना एवं किसी कारणवश कोई खराबी आने पर त्वरित रूप से उनका निराकरण सुनिश्चित करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ अनिल कुमार द्वारा जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित सभी पंप ऑपरेटरों एवं संचालकों आदि को ग्रामीणों द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत किए जाने पर त्वरित मामले का निष्पादन करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। यदि किसी कारणवश शिकायतकर्ता संबंधित पंप ऑपरेटर के क्षेत्र में नहीं भी आता हो तो भी पंप ऑपरेटर को उस

**डीसी के आदेश पर पेयजल अभियंता ने भीषण गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति के लिए सहायक अभियंता एंव पंप ऑपरेटर के मोबाइल नंबर जारी किए**

**सहायक अभियंता के फोन नंबर पर फोन कर समस्या का करें समाधान**

संबंधित जलापूर्ति योजना अथवा क्षेत्र के पंप ऑपरेटर अथवा संचालक को तत्काल रूप से शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत को सूचित करना होगा। गौरतलब होकि गर्मी के मौसम के मद्देनजर उपायुक्त के द्वारा लोगों तक नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है वहीं इसे लेकर संबंधित जलापूर्ति योजना के पंप ऑपरेटर सहित मामले की शिकायत हेतु अन्य संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर, अखबारों, सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से प्रकाशित किए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जलापूर्ति योजना के खराब होने की स्थिति में समस्या के निराकरण हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी हो। इसके साथ ही प्रत्येक जलापूर्ति योजना में एक शिकायत पुस्तिका संधारित की जा रही है।

# हमारी, जल हमारे क्षेत्र से गुजरता है फिर हम क्यों रहे वंचित : विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा

संवाददाता

**पतरातू।** जिनकी जमीन में पीवीयूएनएल के द्वारा 4000 मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, बहुमंजिला टाउनशिप बनाया जा रहा है। पाइपलाइन लाया गया, रेलवे लाइन बिछाया जा रहा है तथा जिनकी जमीन पर ऐश डाइक बनाया जाना है। अर्थात जिन विस्थापित - प्रभावितों की जमीन पर सारा काम किया जा रहा है अथवा किया जाना है उन्हीं के साथ निरंतर छल और विश्वासघात हो रहा है। पीवीयूएनएल के कुछ अधिकारियों के द्वारा मे.रुद्रा इंटरप्राइजेज, प्रदीप इंटरप्राइजेज, महेश कंस्ट्रक्शन एवं अन्य एजेंसियों से मिलकर सूचना प्रकाशित किए बिना बिलकुल ही मनमाने व गुपचुप तरिके से स्थाई प्रकृति के कामों में विस्थापित-प्रभावितों को दरकिनार कर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी के विरोध में सी ई ओ को गत 23 मार्च 2024 प्रेषित पत्र एवं 12



अप्रैल 2024 को प्रेषित स्मार पत्र प्रेस को जारी करते हुए विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के आदित्य नारायण प्रसाद, राजाराम प्रसाद, किशोर कुमार महतो, कपिल मुंडा और भरत साव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा गया कि पूर्व पीटीपीएस की पुनरावृति करते हुए हमें ठगा जा रहा है। पीवीयूएनएल के अधिकारी विस्थापित-प्रभावितों को घृणा की दृष्टि से देखते हैं। पीवीयूएनएल के पदाधिकारियों के षड्यंत्र से ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है इसी के चलते गत 23/03/2024 को सी ई ओ को पत्र लिखा गया परन्तु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। तत्पश्चात 12 अप्रैल 2024 को स्मार पत्र प्रेषित किया गया है। यदि शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो रामनवमी पर्व के बाद मोर्चा का प्रतिनिधिमण्डल उपायुक्त महोदय से मिलकर सारी वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई तथा व्यापक और चरणवद्ध आंदोलन करने हेतु अनुमति देने का आग्रह करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी गांव के विस्थापित- प्रभावितों को अपने अधिकार के लिए बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा गया।

# छावनी परिषद रामगढ़ को बचाने के लिए धनंजय कुमार पुटूस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

**छावनी परिषद को बचाने के लिए जनता के बीच पहुंचे धनंजय कुमार पुटूस**

**जी.ओ.सी. इन चीफ मध्य कमान लखनऊ के समक्ष दर्ज कराएंगे लिखित आपत्ति**

संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ़ छावनी परिषद को राज्य संचालित नगर निकाय में विलय करने की प्रक्रिया जारी है। पूर्व में स्थानीय सांसद,विधायक व वार्ड सदस्यों ने इसका विरोध नही किया था जिस कारण आज विलय की स्थिति यहां तक पहुंच गई है। इस कड़ी में रामगढ़ के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस रामगढ़ के आम नागरिकों , व्यापारियों व आरबीएसएस के सदस्यों को साथ लेकर रामगढ़ छावनी परिषद के



विलय को लेकर आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने रविवार से विलय के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की है। जिसमे रामगढ़ कैंट वासियो व व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस विषय पर इस अभियान को लीड कर रहे पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की छावनी परिषद का अगर नगर निकाय में विलय कर दिया जाता है तो यहां के आम नागरिकों व व्यापारियों पर टैक्स का बोझ बढ़ने की पूरी संभावना है व नागरिक सुविधा चरमरा जाएगी। रामगढ़ की इस स्थिति के जिम्मेदार पूर्व के सांसद,विधायक व वार्ड सदस्य हैं , क्योकि जब इस विषय पर छावनी परिषद के बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव भेजा जा रहा था तब इन लोगो ने इसका विरोध नही किया था। इन जनप्रतिनिधियों ने जनता की भलाई पर ध्यान नही दिया। हमलोग रामगढ़ की जनता व व्यापारियों को परेशानी में ऐसे अकेला नही छोड़ सकते इस लिए हमलोगों ने रामगढ़ छावनी परिषद को बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चला कर जी.ओ.सी इन चीफ मध्य कमान लखनऊ को लिखित में आपत्ति दर्ज करा कर छावनी परिषद के विलय को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

# संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 133वीं जयंती मनाई गयी


संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर संविधान के निमार्ता डॉ.भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और गगनभेदी नारो के साथ 133 वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा की भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती सिर्फ एक महान नेता के जन्म को याद करने का दिन नहीं है बल्कि उनके द्वारा समर्थित मूल्यों और भारतीय समाज पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को मनाने का भी दिन है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर का जीवन और कार्य भारत एवं दुनिया भर में लाखों लोगों को सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता रहता है। आइए हम उनके द्वारा समर्थित आदर्शों के लिए स्वयं को फिर से प्रतिबद्ध करें और एक समावेशी एवं समानता पर आधारित भारत को उनके सपने को




साकार करने की दिशा में कार्य करें । लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की अम्बेडकर उस प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे जिसने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संविधान का प्रारूप प्रस्तुत करने, उस पर उठे विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने तथा संविधान सभा के सुझावों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करने का कार्य डॉ. अम्बेडकर ने संभाला। महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, बिनोद सिंह, लालबिहारी सिंह, सजिद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष निसार खान, परवेज अहमद, रीतलाल मंडल, केडी सिंह, दिलीप रवि, मो मुस्ताक, मुंगेश्वर चौधरी, प्रदेश ओबीसी सचिव रेणु कुमारी, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, सुमित्रा देवी, साबिर अली, बिजय सिंह, अमृतेश रंजन, अनिल भुईया, सलीम रजा, ओमप्रकाश कुमार, कोमल राज, बाबर अंसारी, मो रब्बानी, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कन्हैया कुमार, अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान, खलील अंसारी, जयप्रकाश रविदास आदि सेकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की चौकी आज, सजेगा दरबार



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और संध्या आरती में भी भक्त शामिल हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से पूजा हो रही है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा को पूजा कराई जा रही है। इस दौरान सोमवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया है। जिसमें महिला मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 16 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन व 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भाजपा ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



संवाददाता

**पतरातू।** भारतीय जनता पार्टी ग्राम पंचायत कटिया बस्ती पतरातु ने पीटीपीएस अंबेडकर मैदान में भारत के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 234 वी जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन रणधीर कपूर के द्वारा किया गया। पार्टी द्वारा निर्णय लिया गया था कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भारतीय जनता पार्टी बुथ पंचायत मंडल में मनाई जाएगी। इस निमित्त यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के बुथ में मनाई गई। इस कार्यक्रम में पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं थे वे एक संकल्प का दूसरा नाम थे। वह हर अमानवीय घटना के खिलाफ आवाज उठाने वाले महापुरुष थे। हर पीड़ित व शोषित की प्रखर आवाज थे, उनको भारत की सीमाओं में बांधना सही नहीं है। भारतीय संविधान के मुख्य आर्किटेक्ट, दलित का मसीहा, कानून का विशेषज्ञ, देश के पहले विधि और न्याय मंत्री के तौर भी देश याद करता है। जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष गणेश कुमार अमित कुमार शंभू प्रसाद वर्मा मनीष कुमार सुनील कुमार प्रिया रंजन कुमार स्वामी विवेकानंद कुमार मुरली मनोहर आस आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी** द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी*** ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999